कर्तव्य पथ पर सफलता का तृतीय वर्ष

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

www.nnindianews.com

NNI हर खबर पर पक्की नजर

वर्ष :03, अंक :-279, पृष्ठ : 12 | मूल्य- 04.00 रुपये मात्र | शुक्रवार, 19 अप्रैल, 2024

# प्रथम चरण का मतदान जारी

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक महोत्सव की शुरूआत आज हो गई है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 102 सीटों पर आज मतदान चल रहा है। कुल संसदीय क्षेत्रों के 19 फीसदी सीटों पर मतदान जारी है। 44 दिनों की लोकतांत्रिक यात्रा एक जून तक चलेगी। चार जून को नतीजे घोषित होंगे। अरुणाचल प्रदेश व सिक्किम में विधानसभा की 92 सीटों के लिए भी वोट डाले जा रहे हैं। बंगाल के कूचबिहार से मतदान ड्यूटी पर तैनात सीएपीएफ कर्मी की मौत की खबर आई है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मृत जवान की पहचान निलेस कुमार नीलू (42) के रूप में हुई है। जानकारी मिली है कि वे कूचबिहार के बेलतला इलाके के एक स्कूल में मतदान ड्यूटी पर तैनात थे। देर रात उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई। उनके साथ तुरंत उन्हें माथाभांगा उप-जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## अरुणाचल सीएम बोले- भाजपा राज्य में इतिहास रचने जा रही है

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा, 'आज लोकतंत्र का महापर्व है और लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान चल रहा है। मुझे उम्मीद है कि इस साल मतदाताओं की संख्या 2019 में मतदाताओं की संख्या से अधिक हो जाएगी। भाजपा राज्य में इतिहास रचने जा रही है। हम दोनों लोकसभा सीटें भी जीतेंगे। पिछले चुनाव में बीजेपी को 41 सीटें मिली थीं और हमें उम्मीद है कि इस बार बीजेपी को 60 में से 60 सीटें मिलेंगी।'

## मंगदपुर में मतदान का बहिष्कार

पीलीभीत के न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम मंगदपुर में छुट्टा जानवरों और बाघ की घटनाओं से परेशान लोग मतदान करने के लिए बूथ पर नहीं पहुंचे। प्राइमरी विद्यालय मंगदपुर में बने मतदान केंद्र पर सुबह सात बजे से 10:00 बजे तक बूथ नंबर 219 पर केवल नौ वोट पड़े। सूचना पर पहुंचे अफसर ग्रामीणों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं।



- समाजवादी पार्टी ने लगाया बूथ कैप्चरिंग का आरोप

# इजरायली हमले के बाद पूरी दुनिया में युद्ध का खतरा

**नई दिल्ली।** ईरान के हमलों के बाद इजरायल ने एक बार फिर ईरान के इस्फहान शहर पर हमला शुरू कर दिया है। कई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह हमला सोमवार तक होने वाला था, लेकिन इजरायल ने पहले ही अटैक शुरू कर दिया है, जिसके बाद ईरान ने अपने डिफेंस सिस्टम को एक्टिव कर दिया है। साथ कई शहरों में उड़ानों को रद्द कर दिया है। ईरान के हमले के बाद अमेरिका नें चिंता जताई थी कि इजरायल ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों पर हमला कर सकता है। इस हमले में कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है, फिलहाल अभी तक न्यूक्लियर इकाई को नुकसान हुआ है या नहीं इसका पता नहीं चल सका है, लेकिन ईरान की न्यूक्लियर इकाइयां इस्फहान शहर में भी हैं। इजरायल के हमले के बाद अब पूरी दुनिया में युद्ध का खतरा बढ़ता जा रहा है, क्योंकि रूस-यूक्रेन का युद्ध सालों से चल रहा है। दूसरी तरफ इजरायल और फिलिस्तीन के बीच युद्ध चल रहा है। अब इस युद्ध में फिलिस्तीन के साथ खुले तौर पर ईरान सामने आ गया है। वहीं दूसरी तरफ रूस ने ईरान को सहयोग करने की बात कही है। पहले से ही इजरायल के साथ अमेरिका खड़ा है। इस तरह से यह जंग दो भागों में बंट सकता है और कई देश इसमें शामिल हो सकते हैं। इजराइल की तरफ से एयरस्ट्राइक की खबर उस वक्त सामने आई है, जब आज ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामेनेई अपना 85वां जन्मदिन मना रहे हैं। खामेनेई 1989 से ईरान के सुप्रीम लीडर हैं। अमेरिकी प्रसारक एबीसी न्यूज के अनुसार, इजरायल ने ईरान में एक साइट पर मिसाइल हमला किया है। ईरान की फार्स समाचार एजेंसी ने इस्फहान प्रांत में विस्फोटों की सूचना दी है और राज्य टेलीविजन ने बताया है कि कई शहरों में उड़ानें निलंबित कर दी गई हैं। दूसरी तरफ सीरिया और इराक में भी विस्फोट की खबरें आईं हैं, फिलहाल इसपर अभी विस्तार में जानकारी नहीं मिल सकी है। अप्रैल को सीरिया में ईरान के दूतावास पर संदिग्ध इजरायली हमले के बाद ईरान ने इजरायल पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया था। अब इसके जवाब में इजरायल ईरान में बम फेक रहा है। इजरायली हमले में ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के दो जनरलों सहित 13 लोग मारे गए थे।









# गन्ना सर्वे करने हेतु दिया गया प्रशिक्षण

- जनपद में 17 अप्रैल, 2024 से गन्ना सर्वे का कार्य प्रारम्भ
- गन्ना सर्वे के दौरान प्रत्येक किसान अपने प्लाट पर जरूर पहुँचें
- गन्ना सर्वे के दौरान किसानों से ऑनलाइन घोषणा पत्र भरवाने के लिए प्रेरित किया जाए

एनएनआई

**कासगंज।** जिला सहकारी गन्ना विकास समिति लि., न्यौली कार्यालय में एक दिवसीय गन्ना सर्व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें गन्ना विभाग और चीनी मिल के गन्ना पर्यवेक्षकों को हैंड हेल्थ कम्प्यूटर मशीन चलाने और गन्ना सर्वे के दौरान किसानों से ऑनलाइन घोषणा पत्र भरवाने के लिए प्रेरित करने हेतु जिला सहकारी गन्ना विकास समिति लि., न्यौली के परिरार में वर्ष 2024-25 के लिए गन्ना सर्वे के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें सभी गन्ना पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

शेरवानी शुगर सिण्डीकेट लि. न्यौली के केन मैनेजर श्री विजयपाल सिंह सोलंकी ने गन्ना सर्वे में बरती जाने वाली सावधानियों से रूबरू कराया। उन्होंने कहा कि गन्ना सर्व का कार्य पूरी तरह से जीपीएस आधारित हैं। सर्वे



नीति वर्ष 2023-24 चारते 2024-25 हेतु श्री खेत सिंह ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ने गन्ना सर्वे प्रशिक्षण कार्यक्रम में गन्ना पर्यवेक्षकों को बताया गया कि क्षेत्र अन्तर्गत समस्त गन्ना सर्वे प्लाटवाइज, गाटा-रकया के अनुरूप प्लाट का चारों ओर निर्धारित दूरी के अनुसार सर्वे करने हेतु निर्देशित किया एवं गन्ना पर्यवेक्षक अपनी निर्धारित सर्किल में सर्वे करने से तीन दिन पूर्व गांव में सर्वे करने की सूचना प्रचार-प्रसार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। गन्ना सर्वे के दौरान प्रत्येक किसान अपने प्लाट पर जरूर पहुंचे। सर्वे होने के बाद पर्ची जरूर प्राप्त करें। सभी गन्ना किसान समय से ऑनलाइन घोषणा पत्र जरूर भर दें। घोषणा पत्र के अनुरूप ही गन्ना पर्चियों का आवंटन किया जाएगा। साथ ही गन्ना सर्वे की बारीकियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर जिला सहकारी गन्ना विकास समिति लि., न्यौली के सचिव अशोक कुमार एवं चीनी मिल न्यौली के गन्ना पर्यवेक्षक कर्मी मौजूद रहे।

## इन्हें कौन समझाए? पुलिस भी नहीं रोक रही



(एनएनआई) **बाह।** ट्रैक्टर ट्रॉली से हुए हादसों को लेकर कुछ दिन की सतर्कता के बाद लोग और पुलिस दोनों भूल जाते हैं। बाह क्षेत्र में ट्रॉली में लोगों को बिठाकर दौड़ते ट्रैक्टर हर रोज देखे जा रहे हैं। जैतपुर, चित्राहाट, बाह, बटेश्वर, बासौनी, भदरौली, खेडा राठौर क्षेत्र में सवारियों से भरी ट्रॉलियों के साथ गुजरते ट्रैक्टरों को न तो पुलिस रोक रही और न ही हादसों के बाद लापरवाही भरी यात्रा से लोग बाज आ रहे।

## मतदाताओं को मिलने लगी वोटर गाइड बुक टोल फ्री 1950 पर बता सकेंगे समस्याएं



एनएनआई

**बाह।** विधानसभा क्षेत्र बाह में लोकसभा चुनाव हेतु एसडीएम सृष्टि के निर्देश पर बीएलओ और सुपरवाइजरों को वोटर गाइड बुक देकर तीन दिन में वितरण सुनिश्चित करने को कहा है। गांवों में मतदाताओं को वोटर गाइड बुक मिलनी शुरू हो गई है। चुनाव में मतदाता को किसी तरह की परेशानी न हो इसके लिए अबकी बार मतदाताओं को दी जा रही वोटर गाइड बुक में इवीएम मशीन पर मतदान करने का तरीका मतदाता समझ सकेंगे। यह बुक मतदाता परिवार के किसी भी एक सदस्य से रिसीव कराएंगे। यदि वोटर को मतदान से संबंधित कोई शिकायत है तो टोल फ्री नंबर 1950 पर शिकायत कर सकता है। जिसके माध्यम से संबंधित अधिकारी उसकी समस्या का तत्काल समाधान करेगा। अबकी बार के चुनाव में मतदाता को किसी तरह की कोई शिकायत न रहे इस बात का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। वितरण के दौरान शैलेन्द्र शर्मा, शिवनरेश, सत्यप्रकाश मौर्य, राजीव कुमार त्रिपाठी, अमित कुमार लवानिया, अनेक सिंह, मुकेश कुमार, राजेश, हरीशंकर राजपूत आदि रहे।

## रास्ते में मुड्डी गाड़ने को लेकर विवाद, 3 लोग गंभीर रूप से घायल

(एनएनआई) **कागारौल।** कागारौल थाना क्षेत्र के गांव नगला जसोला में ट्रैक्टर ट्राली में भूसा भरकर ले जा रहे प्रधानपति पर पूर्व प्रधान ने लाठी डंडों और ईंट पत्थरों से हमला कर 3 लोगों को बुरी तरह जख्मी कर दिया है। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने पीड़ितों से तहरीर लेकर मेडिकल कराने आगरा भेज दिया है। प्रधान पति पीड़ित संतोष चाहर ने थाना कागारौल में तहरीर देते हुए बताया कि वो और उनके दो साथी गुरुवार सुबह ट्रैक्टर ट्राली से भूसा भरकर घर की तरफ ले जा रहे थे। रास्ते में पूर्व प्रधान का घर है, जहां उसने रास्ते को अवरुद्ध करने की मंशा से रास्ते में मुड्डी गाड़ दी है। ट्रैक्टर ट्राली ना निकलने पर संतोष चाहर ने जब इसका विरोध किया तो पहले से घात लगाए बैठे पूर्व प्रधान ने अपने करीब आधा दर्जन साथियों के साथ उन पर जान से मारने की मंशा से लाठी डंडे और ईंट पत्थरो से हमला कर दिया। जिसमे तीनों लोगों के सिर हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आई है। मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर पूर्व प्रधान पक्ष के लोग भाग गए । पुलिस ने पीड़ित से तहरीर लेकर घायलों को इलाज के लिए आगरा भेजा है।

## युवक पर लाइसेंसी रिवाल्वर से धमकाने का आरोप

(एनएनआई) **जसोला।** नगला जसोला निवासी देवी सिंह ने थाने में तहरीर देकर बताया कि अभी लोकसभा चुनावों के चलते आदर्श आचार संहिता लागू है। सभी लोगों को अपने अपने लाइसेंसी हथियार संबंधित थानों में जमा करने होते है । लेकिन गांव के ही एक व्यक्ति के पास लाइसेंसी रिवाल्वर है। जिससे वो गांव के लोगों को डराता धमकाता रहता है। गुरुवार को पुरानी रंजिश के चलते उसने मेरे ऊपर रिवॉल्वर तान कर जान से मारने की धमकी दी और कहा की तू क्या तेरा बाप भी मेरी रिवॉल्वर जमा नही करा सकता है। थानाध्यक्ष कागारौल राजीव कुमार ने बताया कि दोनो तरफ से सात लोग घायल हुए है। घायलों को मेडिकल परीक्षण हेतु आगरा भेजा गया है। आगे की वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## यमुना में विसर्जित हुई देवी प्रतिमाएं

(एनएनआई) **बाह।** नदी में प्रतिमा विसर्जन को कोर्ट ने प्रतिबंधित किया है। बटेश्वर में अस्थाई कुंडों का निर्माण न होने की बजह से ब्रहस्पतिवार को यमुना नदी में देवी प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ। शिव मंदिर श्रंखला के घाट पर देवी के जयकारों के साथ भक्त प्रतिमा विसर्जन को पहुंचे। देवी गीत, भजन, लांगुरियों संग झूमे भक्तों ने खूब गुलाल उड़ाया। प्रतिमा विसर्जन से पहले देवी पूजन हुआ। इसके बाद गौरी शंकर मंदिर में शिव पार्वती की श्रंगार पूजा कर भक्तों ने अपनी सुख संमृद्धि की कामना की। जरार, भदरौली, फरैरा, बिजकौली, बिजौली, जैतपुर, बासौनी, अभयपुरा, गुंगावली, हरलालपुरा, कचौराघाट, चित्राहाट, कोरथ, मऊ, नहटौली, कमतरी, बडागांव, मढ़ेपुरा, डेरक, प्रतापपुरा, रजपुरा, मंगदपुर के अलावा फिरोजाबाद, इटावा आदि क्षेत्रों से प्रतिमा विसर्जन की यात्रायें निकली और ब्रहस्पतिवार को सांझ ढले तक प्रतिमा विसर्जन का सिलसिला चला।

## भूप सिंह 25000 किमी के सफर में करेंगे सनातन का प्रचार प्रसार

(एनएनआई) **बाह।** पंडोखर (दतिया) के नटर्रा गांव के भूप सिंह साइकिल से 4 धाम और 12 ज्योतिर्लिंग की दर्शन यात्रा पर निकले हैं। ब्रहस्पतिवार को बटेश्वर पहुंचे भूप सिंह ने बताया कि दर्शन यात्रा का मकसद सनातन धर्म और संस्कृति का प्रचार प्रसार करना है। सनातन पर राजनैतिक टीका टिप्पणियों से इतर भूप सिंह अपने प्राचीन धर्म और संस्कृति को बढ़ावा देने एवं लोगों को जागरुक एवं प्रेरित करेंगे। 25000 किमी के सफर के पहले 4 दिन के अनुभव के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि आस्था के केन्द्रों से नई ऊर्जा मिली है। उन्होंने बताया कि बटेश्वर में ब्रह्मलाल जी महाराज के दर्शन पूजन हुए, अगला पड़ाव प्रयागराज होगा।

# सैमरा के नौ दिवसीय 124 वें ऐतिहासिक श्रीराम मेला का हुआ उदघाटन

एनएनआई

**खंदौली।** जिले के सबसे बड़े गांव सैमरा में बुधवार को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सैमरा के 124 वें नौ दिवसीय ऐतिहासिक प्राचीन श्रीराम मेला का शुरूआत 124 वर्ष पूर्व स्व.बाबा श्री गुलाब सिंह चौहान ने की थी बुधवार को मेले का उदघाटन केंद्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद प्रो एस पी सिंह बघेल व क्षेत्रीय भाजपा विधायक डॉ धर्मपाल सिंह ने संयुक्त रूप से किया है ।

मेला कमेटी के अध्यक्ष सौरभ चौहान ने बताया कि 17 अप्रैल से शुरू होने वाले नौ दिवसीय श्रीराम मेले की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है मेला में विभिन्न सांस्कृतिक आयोजनों के साथ मेले में विराट कुश्ती दंगल का भी आयोजन होगा, जिसमें अन्य जिलों और राज्यों के पहलवान अपने दांव- पेच दिखाएंगे। श्रीराम मेला कमेटी के अध्यक्ष सौरभ चौहान ने बताया कि 17 अप्रैल से शुरू होने वाले नौ दिवसीय श्रीराम मेला और कुश्ती दंगल का आयोजन होगा बुधवार को मेला का उदघाटन मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो एस पी सिंह बघेल व भाजपा विधायक डॉ धर्मपाल सिंह ने किया । मेला उदघाटन में प्रमुख रूप से मेला व्यवस्थापक जिला पंचायत सदस्य पति बब्बू चौहान ,ग्राम प्रधान संदीप दिवाकर कोषाध्यक्ष सुमित राठौर सहकोषाध्यक्ष सौराज सिंह चौहान उपाध्यक्ष दलवीर राठौर बबलू राठौर , गोविंदा चौहान लहलर आदि मौजूद थे बड़ा मेला मुख्य रूप से चार दिन ही लगेगा 22 अप्रैल से 25 अप्रैल तक लगेगा। दो दिन ब्रजकला की नौटंकी, दो



दिन रसियों का दंगल और दो दिन 24 व 25 को विराट कुश्ती दंगल होगा। 24 व 25 अप्रैल की दोपहर से स्व.बाबा गुलाब सिंह चौहान कुश्ती स्टेडियम में विशाल कुश्ती दंगल होगा। इसमें पूरे उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों के पहलवान भाग भी भाग लेंगे।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं विवेक खंडेलवाल मैनेजिंग डायरेक्टर बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित

प्रधान संपादक अरविन्द सिंह

RNI Title Code no UPHIN49797

निदेशक (वित्त) स्वतंत्र कुमार

E MAIL newsnextindia1@gmail.com

Website:-www.nnindianews.com

(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

कर्तव्य पथ पर सफलता का तृतीय वर्ष

न्यूज नेक्स्ट इंडिया

अपना ब्रज

गुरुवार, 19 अप्रैल, 2024 www.nnindianews.com

NNI हर खबर पर पक्की नजर



# 22 अप्रैल को अलीगढ़ में होगी पीएम मोदी की रैली!

**अलीगढ़।** पीएम नरेंद्र मोदी की 22 अप्रैल की रैली की तैयारियां तेज हो गई हैं। 18 अप्रैल को एसपीजी ने भी यहां डेरा डाल दिया और एडीजी जोन भी यहां पहुंच गईं। इस दौरान रैली स्थल का जायजा लिया। सुरक्षा पर मंथन हुआ। अधिकारियों ने बातचीत के बाद मुख्यालय से बी बुक के अनुसार फोर्स की मांग की है। प्रधानमंत्री 22 अप्रैल को अलीगढ़-हाथरस की संयुक्त चुनावी जनसभा को संबोधित करने आ रहे हैं। इसे लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। 18 अप्रैल को एसपीजी के डीजी आलोक शर्मा सहित अन्य अधिकारी अलीगढ़ पहुंच गए। इसके अलावा आगरा से आईं एडीजी जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ, आईजी जोन शलभ माथुर, कमिश्नरी चैत्रा वी, डीएम विशाख जी., एसएसपी संजीव सुमन, एसपी सिटी मृगांक शेखर पाठक, एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट नुमाइश ग्राउंड पहुंचे। अधिकारियों ने ब्लू बुक के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था किए जाने के लिए मंच, पंडाल, हेलीपैड, पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान तय किया गया कि मुख्यालय से फोर्स मांगा जाएगा। जिसके तहत कानपुर, आगरा व मेरठ जोन से फोर्स व एसपी स्तर से अधिकारी आएंगे। एसपीजी भी अपने स्तर पर प्रबंधन करेगी। साथ में 14 पार्किंग स्थल बनाए जाएंगे। इधर, मुजफ्फरनगर की फर्म ने टैंट, मंच, बल्ली लगाए जाने



का कार्य शुरू कर दिया है। यहां तीन जर्मन हैंगर लगेंगे। सभी जगह लोहे की ग्रिल लगेगी। पीएम मोदी की रैली का मुख्य मंच आठ फुट ऊंचा व 60 फुट चौड़ा होगा। पीएम मोदी के साथ मंच पर सीएम योगी, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा भूपेन्द्र सिंह आदि के अलावा कौन रहेगा इसका फैसला प्रदेश नेतृत्व द्वारा किया जाएगा। वहीं हेलीपैड पर रहने वाले स्थानीय पदाधिकारियों की सूची बननी शुरू हो गई है। इधर, रैली के संयोजक प्रदेश उपाध्यक्ष एमएलस धर्मेंद्र सिंह ने रैली के सहसंयोजक व महानगर प्रभारी श्रीचंद शर्मा, विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, महानगर अध्यक्ष इंज. राजीव शर्मा, जिला अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह लाला के साथ रैली स्थल का दौरा किया।

## पोल तोड़ते हुए ओवरब्रिज से 15 फीट नीचे गिरा पुट्टी लदा ट्रोला

**इटावा।** नेशनल हाईवे पर बने ओवरब्रिज से पुट्टी लदा ट्राला अनियंत्रित होकर करीब 15 फीट नीचे सर्विस रोड पर गिर गया। हादसे में चालक व एक सवारी ट्राला में फंस गए। करीब 20 मिनट बाद पुलिस व आसपास के लोगों ने निकाला और अस्पताल भिजवाया। एक घंटे तक यातायात बाधित रहा। आगरा-कानपुर हाईवे पर इटावा की तरफ से आ रहा ट्रोला दोपहर करीब साढ़े 12 भरथना ओवरब्रिज पर अनियंत्रित हो गया और स्ट्रीट लाइट के पोल को तोड़ता हुआ करीब 15 फीट नीचे गिर गया। चालक भगवान सिंह निवासी माचारी थाना राजगढ़ जिला अलवर राजस्थान व सवारी पवन कुमार निवासी नया पुरवा सुजानपुर के पास थाना बेला जिला औरैया केबिन में फंस गए।

वृंदावन में मां-बेटे से लूट का मामला

# मुठभेड़ में बदमाश गिरफ्तार दोनों के पैर में लगी गोली

**मथुरा।** तीर्थनगरी मथुरा में बुधवार को पुलिस ने मां-बेटे से लूट करने वाले दो लुटेरों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया। दोनों के पैर में गोली लगी है। उन्हें उपचार के बाद जेल भेज दिया। लूट का माल भी इनसे बरामद किया गया है। चर्चा है कि थाने से भागे संदिग्ध लुटेरे को पुलिस गिरफ्तार करने में नाकाम रही। मुठभेड़ में दो लुटेरे घायल करने का दावा करके अपनी पीठ खुद ही थपथपा रही है। घटना वृंदावन थाना क्षेत्र के मथुरा-वृंदावन रोड पर स्थित वात्सल्य ग्राम के पास हुई थी। बैरागपुरा गली तीन निवासी पूजा त्यागी बेटे के संग स्कूटी से वृंदावन से लौट रहीं थी। बाइक सवार तीन लुटेरों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया। इस वारदात में मां-बेटे घायल हो गए थे। इस मामले में घायल महिला की बहन चित्रा ने लुटेरों के खिलाफ कोतवाली वृंदावन में पर्स लूटने का मुकदमा दर्ज कराया था। 16 अप्रैल को वृंदावन पुलिस ने एक संदिग्ध लुटेरे को हिरासत में लेते हुए लूट में प्रयोग बाइक बरामद कर ली। बुधवार सुबह हिरासत से लुटेरा भाग खड़ा हुआ। इसके बाद देर रात मुठभेड़ में दो लुटेरे घायल करके गिरफ्तार करने वाली वृंदावन पुलिस व एसओजी की टीम ने खुलासे का दावा किया है। वृंदावन पुलिस हिरासत से भागे मोहित तिवारी निवासी कैलाश नगर को फरार दिखा रही है, जबकि तेजवीर चौधरी उर्फ विष्णु निवासी कैलाश नगर और अनमोल यादव उर्फ रिंकू निवासी कैलाश नगर की पवन हंस हेलिपैड पर मुठभेड़ में घायल होते हुए गिरफ्तारी दिखाई है।

## ट्रैक्टर की चपेट में आकर युवक की मौत, पत्नी ने लगाया हत्या का आरोप

**एटा।** थाना अवागढ़ क्षेत्र के गांव खुटीपुरा में एक युवक की ट्रैक्टर की चपेट में आकर मौत हो गई। पत्नी ने मृतक के मामा पर हत्या का आरोप लगाया है। हाथरस जिले के थाना हाथरस जंक्शन के गांव नगला केसो नगरिया निवासी मोनू (24) की अवागढ़ थाना क्षेत्र के गांव गदेसरा में ससुराल है। इसके चचेरे भाई उमेश ने बताया कि मंगलवार को सास माला देवी ने जनरल स्टोर की दुकान खोली, उसका शुभारंभ था। उसमें शामिल होने के लिए मोनू आया हुआ था। वहां से पास में ही अपनी ननिहाल खुटीपुरा चला गया। फुफेरे भाई रजत ने बताया कि बुधवार शाम को खेत पर काम करते समय ट्रैक्टर की चपेट में आने से इसकी मौत हो गई। इसकी जानकारी मृतक के मामा रामवीर ने परिजन को दी। अवागढ़ थाने पर पहुंची मृतक की पत्नी निशा का कहना था कि मामा ने पति को जहर देकर मारने की कोशिश की।


जब सफल नहीं हुए तो बहुत बुरी तरह से पीटा। जिसके चलते मौत हो गई। निशा ने आरोप लगाते हुए बताया कि मामा रामवीर से मेरी सास ने 50 हजार रुपये लिए थे। जिसको रामवीर ने मांगा। व्यवस्था न होने पर उन्होंने धमकी दी थी। थाना प्रभारी जयेंद्र प्रसाद मौर्य ने बताया कि मोनू मजदूरी करता था। थ्रेसिंग करते समय ट्रैक्टर की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

## रात में लगी आग, 10 बीघा खेत की फसल जली



**जलेसर।** विकासखंड क्षेत्र के गांव नूहंखेडा में बुधवार रात के समय अग्निकांड हो गया। खेत के ऊपर से जा रही एचटी लाइन से चिंगारी निकलकर फसल में जा गिरी। इसमें दस बीघा खेत की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। अपनी बर्बाद हुई फसल को देखकर किसान बेहोश हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंचे सांसद एसपी सिंह बघेल ने किसान को सरकार की तरफ से आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। क्षेत्र के गांव नूहंखेडा निवासी बॉबी जाटव ने बताया कि बुधवार की रात अचानक खेतों की तरफ से आग की लपटे दिखाई दीं। जिससे ग्रामीणों में भगदड़ मच गई। मौके जाकर देखा तो खेत में आग लगी थी। गेहूं की फसल काटकर वहीं रख दी थी। चिंगारी गिरने के बाद कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। फायर ब्रिगेड को सूचना दी, लेकिन काफी देर तक टीम मौके पर नहीं पहुंची। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन फसल जलकर पूरी तरह राख हो गई।

उठावनी



स्व. श्री सतीश चंद्र शर्मा

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिताजी **श्री सतीश चंद्र शर्मा** रिटायर्ड सहायक अभियंता जल निगम आगरा निवासी 16 रघुवीर कुंज दीवानी आगरा का आकस्मिक निधन **दिनांक 16.04.2024** को हो गया है। उठावनी दिनांक **19.04.2024 सायं 4 बजे से 5 बजे समाधि पार्क सूर्य नगर आगरा** पर होगी।

शोकाकुल:- **श्रीमती कुसुमलता शर्मा (पत्नी), प्रवीन शर्मा, सुशील शर्मा, विशाल शर्मा (पुत्रगण ), रमेशचंद्र गर्ग, दिनेशचंद्र गर्ग (भ्रातागण ), देवेन्द्र, संजय, राहुल (भतीजे) श्रेयांश, कृष्णा, अभिषेक (नाती), अपर्णा, श्रेया (नातिन) एवम समस्त गर्ग परिवार ।**

प्रतिष्ठान :- बेटू मेडिकल स्टोर, आगरा



# पशु बाड़े में जिंदा जलीं 45 बकरियां

## सिकंदरा क्षेत्र के गांव अकबरा में आग बुझाने के प्रयास में तीन लोग झुलसे



एनएनआई

**आगरा।** सिकंदरा थाना क्षेत्र के गांव अकबरा में पशु बाड़े में लगी आग में 45 बकरियां जिंदा जल गईं। वहीं 15 बकरियां गंभीर झुलस गईं। आग बुझाने में एक किशोर सहित तीन लोग भी झुलस गए। सूचना पर पहुंची दो दमकलों ने एक घंटे में कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण पता नहीं चल सका है। पुलिस जांच कर रही है। गांव अकबरा निवासी प्रयाग सिंह बघेल का 200 वर्ग मीटर में पशु बाड़ा है। उन्होंने बाड़े में एक कमरा बना रखा था। बाहर टिनशेड पर छप्पर डाला हुआ था। परिजनों ने पुलिस को बताया कि कल सुबह परिवार के लोग खेत पर फसल काटने गए थे। तभी छप्पर में आग लग गई। देखते ही देखते लपटों ने पूरे बाड़े को चपेट में ले लिया। बाड़े में बंधी बकरियों की आवाज सुनकर लोग जुट गए, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। प्रयाग सिंह, उनके बेटे संजय, राजू और 15 वर्षीय किशोर बकरियों को निकालने लगे। इस दौरान आग से हाथ झुलस गए। सूचना पर थाना सिकंदरा की फोर्स और दो दमकल पहुंच गईं। तब कहीं एक घंटे में आग पर काबू किया जा सका। प्रभारी निरीक्षक सिकंदरा नीरज शर्मा ने बताया कि लोगों से आग लगने का कारण जानने का प्रयास किया गया। कुछ लोगों का कहना था कि जलती हुई बीड़ी फेंके जाने से छप्पर ने आग पकड़ी। जबकि कुछ लोगों का कहना था कि आग शॉर्टसर्किट से लगी है। पुलिस जांच कर रही है।

### आईएसबीटी पर खड़ी बस और ट्रक में लगी आग

ट्रांसपोर्ट नगर स्थित आईएसबीटी के बाहर खड़ी खाली बस और एक ट्रक में भीषण आग लग गई। लपटें निकलने पर लोग जुट गए। आग बुझाने के प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिली। फायर ब्रिगेड की दमकल ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। एफएसओ सोमदत्त सोनकर ने बताया कि आग सुबह 6:30 बजे लगी थी। आईएसबीटी के पिछले गेट पर सीज बस खड़ी हुई थी। अचानक बस से लपटें निकलने लगीं। यह देखकर लोग आ गए। कुछ ही देर में लपटें पास खड़े एक ट्रक तक पहुंच गईं। सूचना पर दमकल ने पहुंचकर आग बुझाई। दोनों वाहनों के आधे हिस्से जल गए। आशंका है कि जलती हुई सिगरेट या कुछ और फेंके जाने से आग लगी। जांच की जा रही है।

# पुलिस ने पीड़िता के दर्ज किये बयान

- पूछताछ में ग्रामीणों ने दुष्कर्म से किया इंकार, बताया खेत में बकरी घुसने का विवाद
- पुलिस ने मां-बेटी और भाइयों पर वृद्ध पर जानलेवा हमले का दर्ज किया मुकदमा

एनएनआई

**खंदौली (आगरा)।** धर्म-परिवर्तन नहीं करने पर मुस्लिम युवती के साथ दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने गांव में पहुंचकर पीड़ित युवती के बयान दर्ज किए। गांव के लोगों से भी पूछताछ की गई। लोगों ने बताया कि मामला दुष्कर्म का नहीं बल्कि खेत मे बकरी घुसने को लेकर हुई मारपीट का है। ग्रामीणो ने बताया की घटना के दिन आरोपी चंद्रभान सिंह गांव में मौजूद ही नहीं था। वह उत्तराखंड के काशीपुर में शुगर की दवा लेने गया था। वहीं मुकदमे में चन्द्रभान सिंह के 90 साल के पिता को भी आरोपी बनाया गया है। इधर पुलिस ने 11 दिन बाद आनन-फानन में वृद्ध प्रताप सिंह की तहरीर पर भी मां-बेटी और दो भाइयों के खिलाफ जानलेवा हमले की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना अध्यक्ष खंदौली राजीव कुमार ने बताया की पीड़िता के साथ गांव मे ग्रामीणों के बयान भी दर्ज किये गये हैं। पुलिस का कहना है कि सभी तथ्यों की जांच की जा रही है। आरोपी की कॉल डिटेल और लोकेशन भी सर्च की जा रही है। घटना वाले दिन आरोपी उत्तराखंड होने की बात कर रहा है। इसके लिये टोल प्लाजाओं पर भी जांच की जा रही है। जांच के वाद कार्यवाही की जायेगी। गौरतलब है कि गांव में रहने वाली महिला ने गांव के चन्द्रभान सिंह सहित 15 व 20 लोगों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। पीडिता का आरोप है कि उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया गया। नहीं करने पर आरोपी चन्द्रभान ने घर में घुसकर युवती के साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर परिजनों के साथ मारपीट की। पीड़िता की तहरीर पर थाना खंदौली ने मुकदमा दर्ज किया।

### मां-बेटी पूर्व में भी करा चुकी हैं छेड़छाड़ के मुकदमे

दुष्कर्म पीड़िता पूर्व में भी गांव के लोगों के खिलाफ खंदौली और एत्मादपुर में छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज करा चुकी है। एक मामले में उसने गैंगरेप की घटना झरना नाला की बताकर एत्मादपुर में तहरीर भी दी थी। थाना प्रभारी खंदौली राजीव कुमार ने बताया कि पीड़िता की तरफ से पूर्व में दो छेड़छाड़ के मुकदमे अन्य लोगों के खिलाफ दर्ज कराये गये हैं। एक मुकदमा खंदौली थाने में और दूसरा एत्मादपुर थाने में दर्ज है। वहीं आरोपी चन्द्रभान ने अपने बचाव में पुलिस आयुक्त को प्रार्थना पत्र देकर जांच कर न्याय की गुहार लगाई है।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

– प्रबंधक विज्ञापन

# जवाब दो, क्यों हाजिर नहीं हो रहे

- गैर हाजिर चल रहे शिक्षकों को प्राचार्य ने दिया नोटिस

एनएनआई

**आगरा।** पिछले दो माह से गैरहाजिर चल रहे दो शिक्षकों को आगरा कॉलेज के प्रिंसिपल ने नोटिस जारी किया है। उनके आवास पर नोटिस चस्पा कर दिए गए हैं। जवाब न देने पर उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। इधर हाईकोर्ट ने अब तक पूर्व प्रिंसिपल को कार्यभार न देने पर भी नोटिस देते हुए जवाब मांगा है। प्रिंसिपल प्रो. सीके गौतम ने बताया कि भौतिक विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रो. डॉ. आनंद पांडेय और सहायक प्रो. डॉ. राहुल मिश्रा 13 फरवरी से गैरहाजिर चल रहे हैं। बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद भी उपस्थित नहीं हो रहे हैं। उनके आवास पर कोई नोटिस को नहीं ले रहा है। इस कारण नोटिस उनकी आवास पर चस्पा कर दिए गए हैं। साथ ही कॉलेज में उन्होंने अपना कोई भी मोबाइल नंबर नहीं दे रखा, जिससे उनसे संपर्क किया जा सके। उनके अनुपस्थित रहने से छात्र-छात्राओ के शिक्षण कार्य का नुकसान हो रहा है।

Sunday Open
पर्दे ही पर्दे
* Sofa Fabric
* Customise Blinds
* Wallpaper
* Flooring all type
* Grass
* Carpet
* All Furnishing Item
किरन मित्तल
बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने संजय प्लेस,
आगरा मो. 9837261764, 8193034811

# राजकुमार को दिलाएं प्रचंड जीतः पाठक

- चाहर दिल्ली में फतेहपुर सीकरी की सेवा करेंगे तो लखनऊ में बैठा है बृजेश पाठक
- भाजपा प्रत्याशी की नामांकन सभा में विपक्षी दलों पर जमकर बरसे डिप्टी सीएम





एनएनआई

**आगरा।** भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर ने पार्टी जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों की मौजूदगी में कलक्ट्रेट में नामांकन दाखिल किया। सुबह उनके द्वारा पहला सेट भरा गया। इसके बाद दोपहर में दूसरा सेट दाखिल किया गया। नामांकन के बाद प्रतापपुरा स्थित रामना ग्राउंड में हुई सभा में मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कांग्रेस और सपा पर हमला बोलते हुए कहाकि कांग्रेस ने भ्रष्टाचार में आकंठ डूबकर देश की अर्थव्यवस्था को रसातल में पहुंचाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस के बाद देश की बागडोर संभाली। भारत को विश्व की 11वीं अर्थव्यवस्था से पांचवें पायदान पर पहुंचाया। विश्व में भारत की साख जमाई। आज स्थिति यह है कि देश में आतंकवादी हमला होने पर दुश्मन के घर में घुसकर जवाब दिया जाता है। कहाकि रूस और यूक्रेन में युद्ध होने पर भारतीय छात्रों को सकुशल लाने का कार्य मोदी ने ही करवाया। उन्होंने कहाकि सनातन धर्म को झूठ और पाखंड बताने वाले इंडिया गठबंधन का चुनाव बाद जनता हुक्का-पानी भी बंद कर देगी। इस दौरान कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य, महापौर हेमलता दिवाकर, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू भदौरिया, जिलाध्यक्ष गिर्राज सिंह कुशवाहा, कन्हैया लाल गुप्ता, हेमेंद्र शर्मा, विधायक भगवान सिंह कुशवाहा, छोटेलाल वर्मा, विजय शिवहरे, आकाश अग्रवाल, पूर्व मंत्री रामसकल गुर्जर, पूर्व विधायक महेश गोयल, डॉ. राजेन्द्र सिंह, जितेंद्र वर्मा, कालीचरन सुमन, मधुसूदन शर्मा, प्रदीप भाटी, रालोद ब्रज क्षेत्र ब्रजेश चाहर, जिलाध्यक्ष महेश जाटव, उपेंद्र सिंह, राजू लवानिया, शिवकुमार प्रमुख, बबिता चौहान, संतोष कटारा, संजय चौहान, मेघराज सोलंकी, दिनेश गोयल, सोनू चौधरी, रामकुमार शर्मा, उमाशंकर माहौर, राजकुमार पथिक, अन्नू दुबे, सुग्रीव चौहान सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### कमल खिलाकर दें मुझे आशीवार्दः चाहर

सभा में आभार व्यक्त करते हुए राजकुमार ने कहाकि 2019 में मिला स्नेह, 2024 में भी प्राप्त हो रहा है। पिछली बार 64 प्रतिशत मत प्राप्त कर पूरे प्रदेश में इतिहास बना था। प्रथम कार्यकाल में प्राथमिकता के साथ पेयजल समस्या पर कार्य किया है। आगामी कार्यकाल में पूरे लोकसभा क्षेत्र में विकास की गंगा बहेगी। हम 5 लाख मतों से आगे बढ़ेंगे तो लखनऊ और दिल्ली में अपनी बात प्रभावी तरीके से रखेंगे। राजकुमार चाहर ने कहाकि आगामी 7 मई तक घर-घर जाकर हमें कमल खिलाने के लिए सभी को प्रेरित करना होगा।

### राजकुमार को प्रचंड मतों से जिताने का किया आह्वान

बृजेश पाठक ने भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहाकि संगठन से लेकर जनप्रतिनिधि के रूप में उनका कार्य सराहनीय है। पेयजल समस्या के निदान को हर घर नल योजना को मंजूर करवाकर सही मायने में भागीरथ बनने का कार्य किया है। राजकुमार चाहर के जीतने पर लखनऊ में भी फतेहपुर सीकरी की धमक बढ़ेगी। राजकुमार चाहर दिल्ली में फतेहपुर सीकरी की सेवा करेंगे तो लखनऊ में बड़ा भाई बृजेश पाठक, फतेहपुर सीकरी क्षेत्रवासियों के हितों के लिए सदैव तैयार रहेगा।

### तुलना करके देखें, कौन कितना बेहतर

बृजेश पाठक ने प्रदेश में विकास की तस्वीर पेश करते हुए कहाकि भ्रष्टाचार, अराजकता और तुष्टिकरण की नीति से प्रदेश बाहर निकल चुका है। आज किसानों को ट्यूबवेल के लिए मुफ्त बिजली मिल रही है। प्रदेश में सर्वाधिक हाइवे और एम्स का निर्माण हुआ है। ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाने को पंचायत सचिवालयों को पूर्णतः आधुनिक किया गयास। बृजेश पाठक ने लोगों से सीधा संवाद करते हुए कहाकि विगत और वर्तमान सरकारों में आप खुद तुलना करके देखें। बदलाव आपको साफ दिखेगा।

### मां का आशीर्वाद लेकर किया नामांकन

भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर ने कलक्ट्रेट में नामांकन को जाने से पहले अपनी मां के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। उनकी धर्मपत्नी विजयलक्ष्मी ने टीका चंदन लगाकर जीत की कामना की। नामांकन सभा के बाद राजकुमार चाहर का रोड शो प्रतापपुरा चौराहा पहुंचा। इस दौरान युवाओं ने सांसद को अपने कंधों पर उठा लिया।

# समर्थकों संग सपा प्रत्याशी ने किया नामांकन

- सपा और कांग्रेस के पदाधिकारी भी साथ रहे मौजूद



एनएनआई

**आगरा।** तीसरे चरण के मतदान के लिए आज नामांकन का आखिरी दिन है। कलेक्ट्रेट में आज सुबह से गहमा-गहमी का माहौल रहा। आगरा सुरक्षित और फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र से प्रमुख पार्टियों के प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। नामांकन के अंतिम दिन से पहले कांग्रेस और सपा के गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी सुरेश चंद्र कर्दम आगरा सुरक्षित सीट से नामांकन दाखिल करने के लिए सैकड़ों कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। सपा प्रत्याशी सुरेश चंद्र कर्दम के साथ नामांकन दाखिल करने के दौरान सपा महानगर अध्यक्ष वाजिद निसार, कांग्रेस शहर अध्यक्ष अमित सिंह के साथ-साथ दोनों दलों के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए सपा गठबंधन प्रत्याशी सुरेश चंद्र कर्दम ने कहा कि आज युवा रोजगार के लिए परेशान है। पूरे देश में युवाओं के सामने रोजगार एक बड़ी समस्या है। पिछले 10 वर्षों में इस सरकार ने युवाओं से रोजगार के नाम पर छलावा किया है। उन्होंने कहाकि अगर गठबंधन की सरकार बनी तो सबसे पहले दो करोड़ युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। भाजपा पर हमलावर होते हुए कहा कि आज महंगाई चरम पर है और भाजपा के पास महंगाई को रोकने के लिए कोई इंतजाम नहीं है। सपा के शहर अध्यक्ष ने कहा कि जिस तरीके से क्रिकेट के मैदान में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, सर्वश्रेष्ठ विकेट कीपर और सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज होते हुए कई बार धुरंधर टीम धराशायी हो जाती है। कई बार देखने को मिला है कि वर्ल्ड कप में चैंपियन टीम को भी हार का मुंह देखना पड़ा है। यही हाल आज भाजपा का है। उन्होंने कहाकि गठबंधन के प्रत्याशी आगरा और उत्तर प्रदेश में ही नहीं, पूरे देश में जीत रहे हैं। आज देश में भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। हमारे प्रत्याशी का चुनाव गठबंधन नहीं, बल्कि शहर की जनता लड़ रही है। जुमले और झूठे वादों की सरकार से जनता ऊब चुकी है और अब वह बदलाव चाहती है।

### मेरी टक्कर में कोई नहींः कर्दम

सपा प्रत्याशी सुरेश चंद्र कर्दम ने कहाकि चुनाव में मुझे सभी वर्गों का समर्थन मिल रहा है। मेरा किसी से कोई मुकाबला नहीं है। सरकारी अस्पतालों की स्थिति किसी से छुपी नहीं है। शहर के किसी भी सरकारी अस्पताल में चले जाएं, वहां पर न तो मरीजों को उपचार मिल रहा और न ही दवाइयां मुहैया हैं। भाजपा सरकार में निजी विद्यालयों द्वारा शोषण किया जा रहा है और सरकार मौन है। अगर सरकारी विद्यालयों में बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले तो निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए अभिभावकों को न भागना पड़े।

# उपराष्ट्रपति ने नवीन को दिलाई रास सदस्य की शपथ

- 44 वर्ष पूर्व भारतीय जनता पार्टी के प्राथमिक सदस्य बने
- अब तक पांच चुनाव लड़े और शानदार जीत अर्जित की



एनएनआई

**आगरा।** उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़ ने उत्तर प्रदेश से राज्यसभा सांसद निर्वाचित नवीन जैन को पद और कर्तव्य निर्वहन की शपथ दिलाई है। उन्होंने ईश्वर के नाम पर हिंदी में शपथ ली। नई दिल्ली स्थित संसद भवन में उपराष्ट्रपति कार्यालय में संक्षिप्त शपथ ग्रहण समारोह हुआ। नवीन जैन ने शपथ के बाद उपराष्ट्रपति से भेंट की। उनके साथ अन्य निर्वाचित राज्यसभा सदस्यों ने भी शपथ ग्रहण की। बता दें कि भाजपा के सामान्य कार्यकर्ता के रूप में राजनीति शुरू करने वाले नवीन जैन ने अब तक कुल पांच चुनाव लड़े हैं। सभी चुनावों में उन्होंने शानदार सफलता हासिल की है। पेशे से व्यवसायी नवीन जैन 44 वर्ष पूर्व भाजपा के प्राथमिक सदस्य बने। इससे पहले वे आरएसएस से जुड़े रहे। पार्टी ने उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी, उसका निर्वहन किया। यही कारण है कि पार्टी ने उन्हें वार्ड अध्यक्ष से सांसद बना दिया। आगरा के महापौर के रूप में नवीन जैन ने अनेक उल्लेखनीय कार्य किए।




# चर्च रोड पर खुली एचडीएफसी बैंक की शाखा



एनएनआई

**आगरा।** एचडीएफसी बैंक ने आगरा में अपनी 22वीं शाखा का शुभारंभ चर्च रोड पर किया। इस दौरान शहर के प्रमुख उद्यमी बतौर मुख्य अतिथि पूरन डाबर, (डायरेक्टर-डाबर ग्रुप) डॉ. अजय प्रकाश (चेयरमैन-शान्तिवेद हॉस्पीटल) और आरएस अग्रवाल (चेयरमैन-वैकमेट ग्रुप और सुरेश चन्द दिनेश चन्द) उपस्थित रहे। इस मौके पर एच डीएफसी. बैंक की सर्किल हैड श्रीमती अंजू सूद, क्लस्टर मैनेजर सुमित गोयल, शाखा प्रबन्धक अनुज भटनागर, हेमेन्द्र पाल सिंह और विकास शर्मा आदि उपस्थित रहे।



# कमाल खां में शुरू हुई शीतल जल की प्याऊ

एनएनआई

**आगरा।** विमल महेश फाउंडेशन द्वारा जगनेर रोड स्थित कमाल खां मेले में शीतल पेयजल की प्याऊ लगाई। प्याऊ का शुभारंभ डॉ. जीपी पांडे ने किया। फाउन्डेशन अध्यक्ष प्रवेश शर्मा ने बताया कि विमल महेश फाउंडेशन मूलतः हृदय रोगियों के लिए कार्य कर रही है। यह संस्था आम जनमानस को सीपीआर के बारे में जागरूक कर रही है। शीतल आरओ जल की प्याऊ मेले में लगाए जाने पर श्रद्धालुओं ने खुशी जाहिर की। इस मौके पर दिनेश केसरवानी, किशन सिंह, मनोज नोतनानी, एड. अपराजिता, खगेश मथुरिया, योगेंद्र लवानियां, अरविंद दीक्षित, अशोक दीक्षित, डॉ. मुन्ना, सलीम, बंटी शाह, केशव बघेल, सुभाष अग्रवाल, सोमेश शर्मा, शिवम वर्मा, संगीत गौड़ आदि मौजूद रहीं। संचालन महेन्द्र कुमार जैन ने किया।

# सपा प्रत्याशी के विरोध में लगे नारे

- कलेक्ट्रेट के बाहर सपा प्रत्याशी का काला कपड़ा लहराकर किया विरोध

एनएनआई

**आगरा।** सुरक्षित सीट से गठबंधन प्रत्याशी सुरेश कर्दम का नामांकन एक व्यक्ति ने काला कपड़ा दिखाकर विरोध किया। खुद को सुरेश कर्दम का सगा भाई बताने वाला व्यक्ति पुलिस के आते ही वहां से चला गया। कलेक्ट्रेट के गेट पर व्यक्ति ने काला कपड़ा लहराया। आगरा सुरक्षित सीट से गठबंधन प्रत्याशी सुरेश कर्दम नामांकन के लिए पहुंचे। उनके साथ सपा महानगर अध्यक्ष वाजिद निसार भी थे। नामांकन कर कलेक्ट्रेट से बाहर निकलते समय एक व्यक्ति अपने हाथ में काला कपड़ा लेकर पहुंचा। उसने सुरेश कर्दम मुदार्बाद के नारे लगाने शुरू कर दिए। वाजिद निसार और अन्य कार्यकताओं ने उस व्यक्ति को रोकने की कोशिश भी की। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें व्यक्ति काला कपड़ा लहराता हुआ दिखाई दे रहा है। सुरेश कर्दम उस व्यक्ति को देखकर हंस रहे हैं। काला कपड़ा लहराकर, नारे लगाने वाला व्यक्ति पुलिस के आते ही वहां से खिसक लिया। वीडियो में दिख रहा है कि पार्टी कार्यकताओं में से एक कार्यकर्ता व्यक्ति से कहता है कि तुम तो पार्टी के आदमी हो, लेकिन व्यक्ति विरोध करता हुआ काला कपड़ा लहराता रहा। व्यक्ति खुद को सुरेश कर्दम का सगा भाई बता रहा था। हालांकि गठबंधन प्रत्याशी ने उस व्यक्ति को पहचानने से भी इंकार कर दिया। विरोध के बाद सपा महानगर अध्यक्ष वाजिद निसार ने सुरक्षा पर सवाल खड़े किए। उनका कहना है कि इतने फोर्स के बाद भी कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट पर कोई व्यक्ति काला कपड़ा लेकर कैसे पहुंच सकता है। पुलिस ने उसे गेट तक आने की अनुमति कैसे दी। जबकि लोगों को गेट तक भी नहीं पहुंचने दिया जा रहा है।







NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र न्यूज नेक्स्ट इंडिया


# धूमधाम से मनेगा 24वें तीर्थंकर का जन्मोत्सव

❍ एमडी जैन इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित होंगे तीन दिवसीय कार्यक्रम

एनएनआई

**आगरा।** भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव और रथोत्सव 20 से 22 अप्रैल तक एमडी जैन इंटर कॉलेज में मनाया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए आगरा दिगम्बर जैन परिषद के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद जैन ने बताया कि इस वर्ष जन्मकल्याणक महोत्सव और रथोत्सव पर तीन दिवसीय कार्यक्रम होंगे। 20 अप्रैल को प्रातः छह बजे से देव दर्शन श्रीजी को श्रीफल भेंट,अंहिसा स्तूप और मुख्य पंडाल पर ध्वजारोहण, मुनिश्री के मंगल प्रवचन होंगे। इस दौरान पल्लीवाल जैन महासभा द्वारा स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर लगाया जायेगा। साथ ही विभिन्न कार्यक्रम होंगे। सुनील जैन ठेकेदार ने बताया कि




21 अप्रैल को प्रातः 7:30 बजे से भगवान महावीर की जन्मकल्याणक की विशाल रथयात्रा शांतिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर, टीचर्स कॉलोनी, जयपुर हाउस से शुरू होकर शहर के विभिन्न इलाकों का भ्रमण करते हुए कुण्डलपुरी नगरी एमडीजैन इण्टर कॉलेज मैदान पर पहुंचेगी। जहां पूजन, उपाध्यायश्री और मुनिश्री के मंगल प्रवचन व श्रीजी का 1008 कलशों से अभिषेक किया जायेगा। राकेश जैन ने बताया कि तीन दिवसीय उत्सव में सांस्कृतिक आयोजन भी होंगे। समाधिष्ट आचार्य विद्यासागर महाराज के जीवन पर प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी। 22 अप्रैल को रात्रि में अजीत जैन पांड्या की भजन संध्या होगी। मुख्य अतिथि सांसद नवीन जैन होंगे। इस मौके पर डॉ. जितेन्द्र जैन, अनन्त जैन, मीडिया प्रभारी आशीष जैन मोनू, शुभम जैन, पवन जैन, राकेश जैन पार्षद, प्रवीन जैन, राहुल जैन, रमेशचन्द जैन, सुशील जैन, सतीशचन्द जैन, मनीष जैन, विमल जैन, सतेन्द्र जैन आदि मौजूद रहे।

# यमुना मैया में जब तक पानी रहे, तब तक जिन्दगानी रहे

❍ रिवर कनेक्ट कैंपेन ने अच्छी बारिश की कामना को लेकर किया यमुना मैया का पूजन, की आरती

एनएनआई



**आगरा।** हे! यमुना मैया तेरा तट रहा भरा रहे। अच्छी बारिश हो ताकि देश में खुशहाली आए। इसी कामना के साथ यमुना भक्तों और रिवर कनेक्ट कैंपेन के सदस्यों ने यमुना जी का पूजन कर आरती की। ब्रज मंडल की जीवन रेखा के रूप में धन्य हैं। आप भूमि के माध्यम से खूबसूरती से बहती हैं। अपने तटों पर पनपने वाले सभी जीवन का पोषण और समर्थन करती हैं। आप पवित्रता और प्रचुरता का स्रोत हैं। लचीलेपन और भक्ति का प्रतीक हैं। शहर में मानसून के मौसम के लिए आपकी कृपा और आशीर्वाद चाहते हैं। आपका जीवन देने वाला जल आपके आलिंगन में रहने वाले सभी प्राणियों की समृद्धि और कल्याण के लिए आवश्यक है। प्रार्थना करते हैं कि आप हमारे लिए प्रचुर वर्षा करें, हमारी नदियों, झीलों और खेतों को जल से भर दें। रिवर कनेक्ट कैंपेन के संयोजक ब्रज खंडेलवाल ने कहाकि यमुना नदी की भूमि केवल एक नदी के रूप में नहीं बल्कि एक पालन-पोषण करने वाली मां के रूप में स्वीकार किया जाता है। इस मौके पर पार्षद अनुराग चतुर्वेदी, गोस्वामी नंदन श्रोत्रिय, पंडित जुगल किशोर, मनीष खंडेलवाल, देवाशीष भट्टाचार्य, शहतोष गौतम, चतुर्भुज तिवारी, गुड्डू भगत आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से निकला त्रिशाला माता का डोला

शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर जयपुर हाउस में डोले के साथ शुरू हुआ भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव और रथोत्सव के मंगलकार्य

एनएनआई

**आगरा।** सतरंगी पुष्पों से सुसज्जित बग्गी में सवार माता त्रिशाला की स्वरूपा और बैंडबाजों संग भगवान महावीर के भजनों पर झूमते गाते श्रद्धालु। पुष्प वर्षा कर माता त्रिशाला के डोले का स्वागत किया गया। भगवान महावीर के जयकारे लगाए। जयपुर हाउस स्थित शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से 1008 श्री तीर्थंकर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव और रथोत्सव के तहत त्रिशला माता को जुलूस के साथ प्रतापनगर आलोक नगर जयपुर हाउस में बैंडबाजों के साथ निकाला गया। क्षेत्र का भ्रमण कर डोला मंदिर में वापस आकर सम्पन्न हुआ। इससे पहले विधि विधान से पूजन किया गया। त्रिशला माता बनने का



सौभाग्य श्रीमती ऊपा जैन को मिला। जुलूस में स्वस्तिक महिला मंडल की सरिता काला, सीमा बैनाड़ा, शची, नीरू,रश्मि, स्वेता, कविता, अंजना, भावना, वंदना, दीपा, एकता, सिमरन, रुचि,राखी, अनु, ऋतु, शिल्पी, महक आदि महिलाएं शामिल रहीं। सुबोध पाटनी ने बताया कि आज महावीर स्वामी विधान प्रातः सात बजे से जयपुर हाउस स्थित शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में होगा। इस दौरान मेहंदी संगीत और त्रिशला माता की गोद भराई होगी। इस मौके पर राकेश जैन, दीपक जैन, अजय जैन, नीरज जैन, मनोज जैन, शेल्लु, मोहित, प्रमोद रावका, पंकज, विमल, निर्मल, राहुल, मंजीत, दीपक, संजय काला, राजेन्द्र कुमार, नीरज जैन आदि मौजूद रहे।

# चुनावी जागरुकता वाली शॉर्ट फिल्म और गाना हुआ रिलीज

एनएनआई

**आगरा।** ह्यूमन ड्यूटीज फाउंडेशन ने चुनावी जागरूकता वाली शॉर्ट फिल्म रियल वोटर एप और वीडियो सांग रिलीज किया। सचदेवा मिलेनियम स्कूल के ऑडिटोरियम में दीप प्रज्वलन के बाद एक बड़ी स्क्रीन पर वीडियो के माध्यम से रियल वोटर एप्लीकेशन के बारे में बताया गया, जिससे 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे कैसे लोगों को जागरूक करके देश में वोट प्रतिशत बढ़ा सकते हैं। इस दौरान वोटर जागरूकता अभियान के तहत स्लोगन प्रतियोगिता, रंगोली और पोस्टर प्रतिगोगिता में शिरकत करने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट दिए गए। फाउंडेशन के चेयरमैन राजेन्द्र सचदेवा ने कहाकि ये एप, फिल्म और गीत



एक बड़ी भूमिका निभाएगा। लोग इस इसके माध्यम से समझेंगे कि सब कुछ हमारे अधिकार ही नहीं बहुत कुछ हमारी जिम्मेदारियां भी हैं। इस फिल्म को एडिट मुम्बई के शिवा बयप्पा ने किया है। कलर मुम्बई के मुन्ना सिंह के हैं। म्यूजिक मुम्बई के राजा अली का है। ऑडियो प्रोडक्शन आरए मूवीज ने किया। डीओपी मुम्बई के कमल लोखंडवाला हैं। डबिंग दीपक जैन ने की है। इस मौके पर स्वीप की टीम में मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) प्राचार्य डायट डॉ. इंद्रप्रकाश सोलंकी, रत्नमुनि जैन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. अनिल वशिष्ठ और बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. अजय यादव के अलावा रंजना बंसल, राजेन्द्र शर्मा, रंजीत सामा, प्रीतम सचदेवा, प्रमोद वर्मा गुड्डू, राजीव सक्सेना वरिष्ठ पत्रकार, डॉ. महेश धाकड़, डॉ. भानु प्रताप सिंह, मनीष अग्रवाल, मनीष रॉय, कवि ईशान देव आदि मौजूद रहे।

राम जी भंडारे वाले
थाली पूरी 45/-

8 पूरी, 2 सब्जी, रायता, अचार, मिठाई (पैठा/पेड़ा)
पैकिंग चार्ज 5 रु अतिरिक्त
50 पैकिट से ऊपर ऑर्डर पर डिलीवरी निःशुल्क
भंडारा (रिफाइंड)
50 किलो / 11000, 100 किलो / 19000 Rs
भंडारा (देसी घी)
50 किलो / 17000, 100 किलो / 27000 Rs
Mob : 8218820638, 9368713881
फ्रेंड्स टॉवर, संजय प्लेस, आगरा

## मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति की सजा पर रोक

**मालदीव।** मालदीव के उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन की 11 साल की जेल की सजा पर रोक लगाई है। इसके साथ उच्च न्यायालय ने निचली अदालत से उनके खिलाफ आपराधिक कार्यवाही फिर से शुरू करने को कहा है। यामीन को दिसंबर 2022 में राष्ट्रपति रहते हुए एक निजी कंपनी से रिश्वत लेने के मामले में भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग का दोषी ठहराया गया था। अदालत ने यामीन को सरकार के स्वामित्व वाले एक द्वीप को पट्टे पर देने के एवज में रिश्वत लेने का दोषी पाया था। अदालत ने यामीन पर 50 लाख डॉलर का जुर्माना भी लगाया था। दक्षिण अमेरिकी देश इक्वाडोर में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। समाचार एजेंसी एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार, जलविद्युत संयंत्रों में पानी का स्तर गंभीर रूप से कम हो गया है। इससे देश में एक बड़ा बिजली संकट पैदा हो गया है। हालात नाजुक होने के कारण सरकार और स्थानीय प्रशासन ने बुधवार को सभी सार्वजनिक और निजी कर्मचारियों को दो दिनों के लिए घर पर रहने का आदेश दिया। बांग्लादेश के विदेश सचिव ने भारत और नेपाल के साथ त्रिपक्षीय बिजली समझौते को जल्द पूरा करने की अपील किया है। विदेश सचिव मसूद बिन मोमेन ने कहा कि समझौते के बाद बांग्लादेश को नेपाल से बिजली आयात करने में मदद मिलेगी। गौरतलब है कि इस बिजली व्यापार समझौते के तहत, नेपाल भारत की ट्रांसमिशन लाइन का उपयोग करके बांग्लादेश को 500 मेगावाट (मेगावाट) तक जलविद्युत की आपूर्ति करेगा।

## अमेरिका में 57 वर्षीय भारतीय जसपाल सिंह की मौत

**अमेरिका।** अवैध तरीके से अमेरिका में जाने के बाद निर्वासन का इंतजार कर रहे भारतीय नागरिक की अटलांटा के अस्पताल में मौत होने की खबर है। अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) ने इसकी जानकारी की। कथ्य के मुताबिक मृतक की पहचान जसपाल सिंह के रूप में हुई है। आव्रजन विभाग ने बताया कि 57 वर्षीय जसपाल सिंह की मौत के बारे में न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास और मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक मौत 15 अप्रैल को ही हो चुकी है। मौत की असली वजह जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया जाना है। पहली बार 25 अक्तूबर, 1992 को कानूनी रूप से अमेरिका गए जसपाल सिंह को लगभग साढ़े छह साल के बाद 21 जनवरी, 1998 को देश छोड़ने को कहा गया था। एक आव्रजन न्यायाधीश के आदेश के बाद उन्होंने अमेरिका छोड़ दिया। हालांकि, 29 जून, 2023 को उन्हें अमेरिका और मैक्सिको की सीमा पर अवैध प्रवेश के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। यूक्रेन के ऐतिहासिक शहर चेर्निगिव में तीन रूसी मिसाइलों के गिरने की खबर है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बुधवार रात मिसाइल क्रैश हो गई। इस हादसे में 17 लोगों की मौत हो गई। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सहयोगियों से यूक्रेन की हवाई सुरक्षा को मजबूत करने में मदद की अपील की है। उन्होंने कहा कि उनके देश के पास मिसाइलों को रोकने के लिए जरूरी हथियारों की कमी है।

## हिमाचल के लाहौल-स्पीति में महसूस किए गए भूकंप के झटके

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के केलांग जिला लाहौल-स्पीति में वीरवार रात करीब 8:53 बजे भूकंप के झटका महसूस किया है। भूकंप का केंद्र जम्मू और कश्मीर के किश्तवाड़ में था। भूकंप की तीव्रता 4.0 आंकी गई है। धरती हिलने के बाद लोग अपने अपने घरों से बाहर निकल गए। हालांकि अभी तक कोई नुकसान की सूचना नहीं हैं। वहीं उपायुक्त लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने कहा कि यदि आपके क्षेत्र के आसपास भूकंप के कारण कोई क्षति होती है तो इसकी सूचना 1077 पर दी जा सकती है। पृथ्वी के अंदर सात प्लेट्स हैं, जो लगातार घूमती रहती हैं। जहां ये प्लेट्स ज्यादा टकराती हैं, वह जोन फॉल्ट लाइन कहलाता है। बार-बार टकराने से प्लेट्स के कोने मुड़ते हैं। जब ज्यादा दबाव बनता है तो प्लेट्स टूटने लगती हैं। नीचे की ऊर्जा बाहर आने का रास्ता खोजती हैं और डिस्टर्बेंस के बाद भूकंप आता है।

# आखिर रातों रात कैसे डूब गया दुबई

**यूएई।** बरसात की वजह से एयरपोर्ट से लेकर मेट्रो सेवा बुरी तरह प्रभावित हुई। इस बीच यूएई के मौसम विभाग ने बारिश की एक और तेज लहर की आशंका जताई है। इसके साथ ही लोगों से सावधान रहने को कहा है। वहीं विशेषज्ञों के मुताबिक दुबई और संयुक्त अरब अमीरात में भारी मात्रा में बारिश क्वाउड सीडिंग के कारण हुई। 1949 के बाद पहली बार इतनी बारिश हुई है। एक ऐसा शहर जो अपने रेगिस्तान और डेसर्ट सफारी के लिए जाना जाता है। यूएई का सबसे स्मार्ट शहर दुबई का दुनियाभर के अरबपतियों की पहली पसंद है। लेकिन इस समय शहर पर एक बड़ा संकट छाया हुआ है। यहां कुछ ही घंटों में इतनी जबरदस्त बारिश हुई कि देखते ही देखते बाढ़ के हालात बन गए। संयुक्त अरब अमीरात दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बनाने में तो कामयाब हो गया है। लेकिन मौसम की मार और बाढ़ के हालातों से निपटने में उसे



दिक्कत हो रही है। जो तस्वीरें सामने आई हैं उससे ये अंदाजा लगाना मुश्किल हो रहा है कि ये वही दुबई शहर है जिसकी सड़कों पर फरारी, लेम्बोर्गिनी जैसी सुपरकार दौड़ती है। देश में भारी बारिश के चलते हाहाकार मचा हुआ है। यहां हर तरफ केवल पानी ही पानी नजर आ रहा है। दुबई ऐसा शहर है जहां सालों साल बारिश नहीं होती है। जहां दुनिया की सबसे ऊंची इमारत है। लेकिन बीते दिनों यहां इतनी बारिश हुई कि बुर्ज खलीफा के आसपास बाढ़ जैसे हालात हो गए।

> इस बीच यूएई के मौसम विभाग ने बारिश की एक और तेज लहर की आशंका जताई है। इसके साथ ही लोगों से सावधान रहने को कहा है। वहीं विशेषज्ञों के मुताबिक दुबई और संयुक्त अरब अमीरात में भारी मात्रा में बारिश क्वाउड सीडिंग के कारण हुई। 1949 के बाद पहली बार इतनी बारिश हुई है। कहा जा रहा है कि एक ही दिन में करीब डेढ़ साल के बराबर बारिश हुई है। दुबई में चौबीस घंटे में 160 मिलिमीटर बारिश हुई। तेज बारिश से आबूधाबी के कई हिस्से दरिया में तब्दिल हो गए और हर ओर केवल पानी नजर आया। बाढ़ के पानी ने शहर में तबाही मचाकर रख दी। जलभराव की वजह से हवाई सेवा घंटों तक बाधित रही और 45 फ्लाइट कैंसिल हुई। सड़क पर गाड़ियों की कतार लग गई। रिकॉर्ड तोड़ बारिश की वजह से कई स्कूल बंद कर दिए गए। दुबई के हाई टेक इलाकों में हर तरफ सैलाब दिखाई दे रहा है।

## बारात से पहले रात के अंधेरे में प्रेमी संग फरार हुई युवती

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश के सीतापुर से एक युवती के शादी के एक दिन पहले फरार होने का मामला सामने आया है। युवती की आज गुरुवार को बारात आने वाली थी, उससे पहले ही वो रात के अंधेरे में परिवार को चकमा देकर अपने प्रेमी संग फरार हो गई। युवती अपने साथ परिवार की ओर से शादी में दी जाने वाली ज्वेलरी भी लेकर भाग निकली। सुबह जब परिजनों की आंख खुली, तो युवती घर से गायब थी। मामला कोतवाली क्षेत्र महमूदाबाद इलाके का है। महमूदाबाद मोहल्ले में बारात के आने से पहले ही दुल्हन पड़ोस में रहने वाले प्रेमी के साथ फरार हो गई। सुबह उठने पर परिजनों को घर में युवती नहीं दिखाई दी, तो उनके होश उड़ गए और युवती की तलाश शुरू कर दी। काफी खोजबीन के बाद जब युवती का पता नहीं लगा तो मामले की सूचना पुलिस को दी। पीड़ित परिवार का कहना है कि मेरी लड़की की शादी होने वाली थी, लेकिन रामराज्य का लड़का और उसकी लड़की मिलकर घर में रखे जेवरात भी साथ में उठा ले गए। पीड़ित परिवार द्वारा थाने में तहरीर दे दी गई है। पुलिस तहरीर लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## अब रूस के खिलाफ यूक्रेन ने शुरू किया छद्म युद्ध

**यूक्रेन।** रूस से जंग में खुद को पिछड़ते देख यूक्रेन ने अब मॉस्को के खिलाफ छद्म युद्ध शुरू कर दिया है। यूक्रेन ने रूस में हमला करने के लिए अब ड्रोन के बजाय विस्फोटकों से युक्त जीपीस बैलून भेज रहा है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि रूसी वायु सैन्य बलों ने यूक्रेन के पांच ऐसे गुब्बारों को नष्ट कर दिया। हालांकि न तो रूसी और न ही यूक्रेनी अधिकारियों ने इन गुब्बारों के बारे में ज्यादा विवरण प्रदान किया है। रूस के अधिकारियों और मीडिया ने हाल के हफ्तों में युद्ध के मैदान में संदिग्ध गुब्बारों की उड़ान को लेकर जानकारी दी है। फरवरी 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद से यूक्रेन की सेना युद्ध में नयी नयी तरकीब अपना रही है। रूसी सेनाओं के खिलाफ यूक्रेन की ओर



से ड्रोन का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। रूसी मीडिया संस्थानों की खबरों के अनुसार, यूक्रेन के गुब्बारे जीपीएस मॉड्यूल और विस्फोटक से लैस होते हैं। इनका पता लगाना कठिन होता है और ये छोटे ड्रोन की तुलना में ज्यादा हथियार ढो सकते हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि क्या हीलियम या गर्म हवा से इन गुब्बारों का संचालन होता है। ये गुब्बारे हवा में ज्यादा देर तक उड़ने में सक्षम नहीं हैं। यदि गुब्बारा किसी विशिष्ट क्षेत्र में छोड़ा जाता है, तो जीपीएस मॉड्यूल का उपयोग विस्फोटकों को गिराने के लिए किया जाता है, जिसका उद्देश्य जमीन पर दहशत फैलाना और रूसी वायु रक्षा प्रतिष्ठानों का ध्यान भटकाना है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेन के तीन गुब्बारे और एक ड्रोन वोरोनिश क्षेत्र में नष्ट कर दिए गए। दो गुब्बारों को रूस के बेलगोरोड क्षेत्र में नष्ट कर दिया गया। रूस ने यह भी दावा किया कि उसने रात के दौरान यूक्रेन की दो मिसाइल, कई रॉकेट लॉन्चर से दागे गए 19 रॉकेट और 16 ड्रोन को गिरा दिया। रक्षा मंत्रालय ने यह भी कहा कि दक्षिणी रूस के रोस्तोव क्षेत्र में तीन ड्रोन नष्ट कर दिए गए।

## इंडोनेशिया में धधक रहा है रुआंग ज्वालामुखी

**जकार्ता।** इंडोनेशिया में रुआंग ज्वालामुखी एक्टिव नजर आ रहा है और इसमें लगातार गतिविधियां देखने को मिल रही हैं। इंडोनेशिया के अधिकारियों ने रुआंग ज्वालामुखी में विस्फोट से बड़े क्षेत्र में राख फैलने के बाद बुधवार को सुनामी का अलर्ट जारी किया है। अधिकारियों ने 11 हजार से ज्यादा लोगों को इलाका छोड़ने का निर्देश दिया गया है। इंडोनेशिया ज्वालामुखी विज्ञान और भूवैज्ञानिक आपदा केंद्र ने कहा सुलावेसी द्वीप के उत्तर में स्थित ज्वालामुखी में बीते 24 घंटे के दौरान कम से कम पांच बड़े विस्फोट हुए हैं। अधिकारियों ने ज्वालामुखी अलर्ट का स्तर बढ़ाकर उच्चतम कर दिया है। कम से कम 800 निवासी बुधवार तक इलाका छोड़ चुके थे। अधिकारियों ने पर्यटकों और अन्य लोगों से रुआंग ज्वालामुखी से कम से कम छह किलोमीटर दूर रहने का आग्रह किया है। अधिकारियों को चिंता है कि ज्वालामुखी का एक हिस्सा समुद्र में गिर सकता है जिससे



सुनामी आ सकती है, जैसा 1871 के विस्फोट में हुआ था। ज्वालामुखी पर नजर रखने वाले इंडोनेशिया के एक अधिकारी हेरुनिंगत्यास देसी बुधवार (17-04-2024) को बताया था माउंट रुआंग में विस्फोट द्वीप पर हाल ही में आए भूकंपों की वजह से हो रहा है। पहाड़ से आसमान में 1.8 किमी (1.1 मील) की ऊंचाई तक खतरनाक और विस्फोटक गर्म बादल‘ नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा था कि बड़ा विस्फोट भी हो सकता। क्रेटर से चार किलोमीटर के भीतर किसी भी गतिविधि की अनुमति नहीं दी गई है। बता दें कि, इंडोनेशिया पैसिफिक रिंग ऑफ फायर में फैला हुआ है, जो उच्च भूकंपीय गतिविधि का एक क्षेत्र है।

## सिडनी मॉल में पाकिस्तान के युवक ने बचाई लोगों की जान, मिलेगा इनाम?

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी शहर में वह शॉपिंग मॉल बृहस्पतिवार को आम जनता के लिए फिर से खुल गया जहां चाकू से हमले की घटना में छह लोग मारे गए थे। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने पाकिस्तान के उस प्रवासी सुरक्षाकर्मी को नागरिकता देने पर विचार करने की बात कही है जो हमलावर का मुकाबला करने के दौरान घायल हो गया था। सिडनी के ‘वेस्टफील्ड बॉन्डी जंक्शन‘ में बीते सप्ताह शनिवार को हुए हमले के बाद पिछले तीन दिन में शहर में चाकू से हमले की दो और घटनाएं हुईं जिससे लोग स्तब्ध हैं। शनिवार के हमले में 18 लोगों को चाकू मारने वाले हमलावर को पुलिस ने मार गिराया था।

## जन संपादकीय

# बीजेपी-रालोद गठबंधन की अग्निपरीक्षा



**पहले** चरण के लोकसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने लगभग अपनी पूरी ताकत लगा दी है। आज 19 अप्रैल को पहले चरण में वोट डाला जा रहा है। उत्तर प्रदेश की 8 सीटों पर भी पहले चरण में वोट डाले जाएंगे। अगर उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर भाजपा को अपनी जीत सुनिश्चित करनी है तो उसे जाटलैंड की यह महत्वपूर्ण 8 सीटों पर भी कब्जा जमाना होगा। बीते 2019 के चुनाव में भाजपा के लिए जाट लैंड की परीक्षा कुछ खास नहीं रह पाई थी। लेकिन इस बार भाजपा बदले समीकरण के साथ अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रही है। पहले चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत लोकसभा सीटों पर मतदान होना है। 2019 में भाजपा को इन आठ में से केवल तीन सीटों पर ही जीत मिली थी। भाजपा ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले जयंत चौधरी को साधने में कामयाबी हासिल की। जयंत चौधरी पूर्व प्रधानमंत्री और किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह के पोते हैं। चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित करके केंद्र की मोदी सरकार ने जाटों को साधने की एक और बड़ी कोशिश की। जयंत चौधरी के आने से भाजपा को इस बात की उम्मीद है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट वोटर उसके साथ एकमुश्त होकर जुड़ जाएंगे। किसान आंदोलन के बाद से राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक जाट वोटर बीजेपी से दूर हुए थे। यही कारण है कि भाजपा ने उन्हें अपने पक्ष में करने के लिए जयंत चौधरी को गठबंधन में शामिल कराया। हालांकि, जयंत चौधरी की पार्टी के लिए 2014 और 2019 का चुनाव कुछ खास नहीं रहा था। ऐसे में भाजपा के साथ गठबंधन करके उन्हें भी इस बात की उम्मीद होगी कि शायद लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी का खाता खुल सकेगा। जयंत चौधरी को एनडीए गठबंधन के तहत दो सीटे दी गई है। ये हैं बागपत और बिजनौर। बागपत में 2014 और 2019 में भाजपा की जीत हुई थी। जयंत चौधरी के लिए पहला और दूसरा चरण लिटमस टेस्ट से कम नहीं है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश किसान और जाट प्रभाव वाला माना जाता है। यहां का सियासी आधार भी जाट और किसानों पर ही टिका हुआ है। आरएलडी का वोट बैंक भी जाट और किसान ही हैं। कभी इन्हीं वोटो की बदौलत चौधरी अजित सिंह किंगमेकर बना करते थे। अब उनकी विरासत संभाल रहे जयंत चौधरी पर बड़ा दारोमदार है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भाजपा और आरएलडी गठबंधन की भी अग्नि परीक्षा होनी है। इसी के आधार पर भाजपा के साथ जयंत चौधरी का भविष्य भी सुनिश्चित हो सकेगा। विपक्षी खेमा भी लगातार इन क्षेत्रों में अपनी ताकत दिखा रहा है। लेकिन भाजपा के लिए चुनौतियां अभी भी बढ़ी हुई नजर आ रही है। इसका बड़ा कारण यह है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में राजपूत, त्यागी और सैनी वोट बैंक उससे नाराज होता दिखाई दे रहा है। यह तीनों समुदाय अपनी नाराजगी को खुली तौर पर जाहिर कर रहा है। यह तीनों समाज अपने काम प्रतिनिधित्व की वजह से बेहद ही नाराज है। राजपूतों ने तो सहारनपुर में महापंचायत कर दी जिसके बाद भाजपा के भीतर खलबली से मच गई। बताया जाता है कि पश्चिम में उत्तर प्रदेश में राजपूत समाज 10% के आसपास है। लेकिन उसे इस बार प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया है। गाजियाबाद में जनरल वीके सिंह की जगह अतुल कुमार गर्ग को भाजपा ने मैदान में उतारा है जिसके बाद इनमें नाराजगी और भी ज्यादा हो गई। त्यागी और सैनी समाज भी अलग-अलग जगह पर पंचायत कर रहे हैं। कुछ सीटों पर सैनी और त्यागी समाज के मतदाता निर्णायक भूमिका में है।

**अंकित सिंह**
**(लेखक के स्वतंत्र विचार हैं)**

# स्नैक्स में बनाएं सफेद काबुली चने का फलाफल

**फलाफल** बनाने के लिए सफेद काबुली चने को एक रात पहले भिगोकर रख दें। क्योंकि फलाफल बनाने के लिए सफेद काबुली चनों को 5-7 घंटे के लिए भिगोना जरूरी होता है। स्वादिष्ट फलाफल बनाकर आप चाय के साथ खा सकते हैं। कई लोगों को फलाफल काफी पसंद है। ऐसे में अगर आपको क्रिस्पी और कुरकुरे स्नैक्स खाना पसंद है, तो आपको फलाफल का स्वाद जरूर अच्छा लगेगा। बता दें कि फलाफल को सफेद काबुली चने से बनाया जाता है। इसे बनाने के लिए सफेद काबुली चने को एक रात पहले भिगोकर रख दें। क्योंकि फलाफल बनाने के लिए सफेद काबुली चनों को 5-7 घंटे के लिए भिगोना जरूरी होता है। स्वादिष्ट फलाफल बनाकर आप चाय के साथ खा सकते हैं। ऐसे में अगर आप भी फलाफल बनाना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको फलाफल बनाने की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं।

**सामग्री**

सबूत धनिया- 1 बड़ा चम्मच, लाल शिमला मिर्च, जीरा- 1 चम्मच, छोले- 2 कप (भीगे हुए), लहसुन- 5-6, लाल सूखी मिर्च- 4, सफेद सिरका- 1 बड़े चम्मच, अजमोद के पत्ते- 8-10, नमक- स्वादानुसार, तेल- तलने के लिए

**ऐसे बनाएं**- ऊपर बताई गई सामग्रियों को एकत्र कर लें, फिर एक पैन को गर्म करने के लिए गैस पर रख दें। पैन के गर्म होने के बाद सूखा धनिया और जीरा डालकर भूनें। जब यह भुन जाएं, तो इसको थोड़ा ठंडा होने दें। इसके बाद शिमला मिर्च को छीलें और बीच से आधे हिस्से में काट दें। शिमला मिर्च के बीजों को निकालकर कैप्सिकम के मोटे पीस काट लें। अब एक भिगोए हुए छोले को फूड प्रोसेसर में डालकर उसमें भुना हुआ जीरा और धनिया डालें। इसके बाद इसमें लहसुन, लौंग, कटा हुआ शिमला मिर्च, नमक, भिगोए हुए लाल मिर्च, अजमोद के पत्तों और सिरका डालकर पीस लें। फिर एक कड़ाही में तेल गर्म कर मिश्रण के छोटे-छोटे हिस्से लें। इसको एक शेप दें और गर्म तेल में डालकर दोनों तरफ से सुनहरा-भूरा व कुरकुरा होने तक भूनें। इस तरह से स्वादिष्ट और कुरकुरे फलाफल बनकर तैयार हो जाएंगे। इसको एक सर्विंग प्लेट में निकाल कर लाल मिर्च पाउडर और जैतून के तेल के साथ गॉर्निश कर सर्व करें।





# गर्मी में इस तरह बनाएं कूल-कूल मैंगो लस्सी

**गर्मी** के मौसम में हमारा कई तरह की अलग-अलग ड्रिंक्स पीने का मन करता है। इस मौसम में सिर्फ पानी पीना अच्छा नहीं लगता है। हम सभी बॉडी को हाइड्रेट भी रखना चाहते हैं और साथ ही साथ अपने टेस्ट बड के साथ किसी तरह का समझौता नहीं करना चाहते हैं। ऐसे में आप मैंगो लस्सी बना सकते हैं। गर्मी के मौसम में जब आम खाना हम सभी को बेहद अच्छा लगता है तो ऐसे में आप आम और दही की मदद से मैंगो लस्सी तैयार करें। मैंगोशेक पीना तो अधिकतर लोगों को अच्छा लगता है, लेकिन मैंगो लस्सी भी पीने में उतनी ही अच्छी होती है। आम विटामिन ए और सी से भरपूर होते हैं, जो आपकी स्किन हेल्थ और इम्यून सिस्टम के लिए फायदेमंद है। मैंगोशेक पीना तो अधिकतर लोगों को अच्छा लगता है, लेकिन मैंगो लस्सी भी पीने में उतनी ही अच्छी होती है। आम विटामिन ए और सी से भरपूर होते हैं, जो आपकी स्किन हेल्थ और इम्यून सिस्टम के लिए फायदेमंद है। वहीं, दही में प्रोबायोटिक्स होते हैं जो गट हेल्थ और पाचन में सहायता करते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको मैंगो लस्सी बनाने की आसान रेसिपी के बारे में बता रहे हैं-

**मैंगो लस्सी के लिए आवश्यक सामग्री-**

1 कप पका आम
1 कप सादा दही
1/2 कप दूध या पानी
2 बड़े चम्मच चीनी या शहद
बर्फ के टुकड़े (वैकल्पिक)
सजावट के लिए पुदीने की पत्तियां



**मैंगो लस्सी बनाने का तरीका-**

सबसे पहले आम को छीलकर काट लें। अब एक ब्लेंडर में कटा हुआ आम, दही, दूध या पानी, चीनी या शहद डालकर ब्लेंड करें। इसे अच्छी तरह स्मूथ होने तक अच्छी तरह ब्लेंड करें। अब एक बार इसे टेस्ट करें और अपने अनुसार एडजस्ट करें। आम की लस्सी को गिलासों में डालें। साथ ही, कुछ बर्फ के टुकड़े डालें। अंत में, इसे पुदीने की पत्ती से गार्निश करें। आपकी आम की लस्सी बनकर तैयार है। परिवार के साथ बैठकर इसका आनंद लें।



NNI हर खबर पर पक्की नज़र न्यूज नेक्स्ट इंडिया





# विद्या बालन ने जाहिर की अपनी दिली ख्वाहिश

**बॉलीवुड** अभिनेत्री विद्या बालन अपनी फिल्म 'दो और दो प्यार' को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। बोल्ड और बेबाक अंदाज के लिए प्रसिद्ध विद्या बालन की फिल्मों का फैंस बेसब्री से इंतजार करते हैं। उनकी फिल्म 'दो और दो प्यार' जल्द ही रिलीज होने वाली है। यह एक रोमांटिक फिल्म है, जिसका निर्देशन शीर्ष गुहाल ठाकुरता ने किया है। इस फिल्म को लेकर विद्या लागातार इंटरव्यू दे रही हैं। इसी दौरान विद्या ने अपनी एक दिली इच्छा जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि वह बॉलीवुड के इस खास हीरो के साथ रोमांस करना चाहती हैं। विद्या बालन ने अपने करियर में कई तरह की फिल्में की हैं। हमेशा से ही उनका यही मकसद रहा है कि वह अपनी फिल्मों के जरिए फैंस को ज्यादा से ज्यादा एंटरटेनमेंट, एंटरटेनमेंट और एंटरटेनमेंट दे सकें। हो सकता है कि यही वजह है कि विद्या अब शाहरुख के साथ एक रोमांटिक फिल्म करना चाहती हैं, ताकि वह अपने फैंस को और भी एंटरटेन कर सकें। साल 2007 में आई विद्या की फिल्म 'हे बेबी' में शाहरुख खान ने कैमियो किया था। शाहरुख इस फिल्म के गाने "मस्त कलंदर" में नजर आए थे। इस फिल्म में उनके साथ अक्षय कुमार, रितेश देशमुख और फरदीन खान नजर आए थे। हालांकि यह बात और कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई। लेकिन अब जबकि विद्या ने शाहरुख के साथ रोमांटिक फिल्म करने की इच्छा को जाहिर कर दिया है, ऐसे में देखना यह है कि इस पर शाहरुख का कोई रिएक्शन आता भी है या नहीं। विद्या बालन इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'दो और दो प्यार' को लेकर काफी व्यस्त चल रही हैं। इसी फिल्म के लिए दिए हुए एक इंटरव्यू के दौरान जब विद्या से पूछा गया कि वह बॉलीवुड में किस अभिनेता के साथ काम करना चाहती हैं तो उन्होंने कहा, "मेरा किरदार शाहरुख खान के साथ फिल्म 'ओम शांति ओम' में बहुत ही कम समय के लिए था, लेकिन मैं शाहरुख के साथ एक अच्छी लव स्टोरी में काम करना चाहती हूं।" हाल ही में एक और इंटरव्यू में विद्या ने कहा था कि वह कॉमेडी फिल्म करना चाहती हैं। इसपर विद्या ने कहा, "बतौर अभिनेत्री में मुझे कभी कॉमेडी फिल्म करने का मौका नहीं मिला, लेकिन मैं करना चाहती हूं। मुझे लगता है कि हंसना और हंसाना है, थोड़े दिनों के लिए, थोड़े टाइम के लिए, थोड़े सालों के लिए।"

# रिलीज से पहले ही 'पुष्पा 2' का जलवा!



**अल्लू** अर्जुन की पुष्पा 2 द रूल का फैंस को लंबे समय से इंतजार है। यह इस साल की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है। हाल ही में इस फिल्म का टीजर जारी किया गया था, जिसमें तेलुगु सुपरस्टार ने अपने साड़ी वाले लुक में एक्शन करके सभी को हैरान कर दिया था। अब हाल ही में, खबर आई है कि पुष्पा 2 के डिजिटल अधिकार नेटफ्लिक्स को 275 करोड़ रुपये में बेचे गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो पुष्पा 2: द रूल के डिजिटल अधिकार नेटफ्लिक्स को 275 करोड़ रुपये के बेस प्राइस पर बेचे गए हैं, जिसे 300 करोड़ रुपये तक बढ़ाया जा सकता है। यह सभी भाषाओं के लिए एक रिकॉर्ड डील है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यह डील बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन के आधार पर बदला भी जा सकता है। बता दें कि डील करने का नया तरीका आधार मूल्य निर्धारित करना और फिर इसे बॉक्स ऑफिस रिटर्न से जोड़कर बढ़ाना है। अल्लू अर्जुन की फिल्म का बेस प्राइस 275 करोड़ रुपये है, जिसकी कीमत 300 करोड़ रुपये तक है।'डिजिटल अधिकारों की बिक्री के लिए पिछला रिकॉर्ड एसएस राजामौली निर्देशित आरआरआर 170 करोड़ रुपये का था। इस फिल्म के साथ अल्लू अर्जुन एक बार फिर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करते नजर आएंगे। निर्देशक सुकुमार की फिल्म 'पुष्पा 2' को लेकर दर्शकों के बीच जबर्दस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। साल 2021 में सुकुमार 'पुष्पा' फिल्म लेकर आए थे। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस के सभी रिकाड्र्स को तोड़ा था। वहीं, अब निर्देशक 'पुष्पा' की अगली कड़ी 'पुष्पा 2' को दर्शकों के बीच लेकर आने को तैयार हैं। गौरतलब है कि इस फिल्म में अल्लू जापानी बोलते नजर आने वाले हैं। इतना ही नहीं 'पुष्पा 2' का निर्माण सुकुमार ने काफी भव्य पैमाने पर किया है। यह फिल्म इसी साल 15 अगस्त 2024 को रिलीज होने जा रही है।

# मलाइका का बेटे से वर्जिनिटी को लेकर सवाल पूछना पड़ा भारी



**बॉलीवुड** दिवा मलाइका अरोड़ा अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी खूब चर्चा में रहती हैं। हाल ही में, अभिनेत्री अपने बेटे अरहान खान के पॉडकास्ट 'डंब बिरयानी' में दिखाई दीं। अरहान का यह पॉडकास्ट पिछले कुछ समय से लोगों का ध्यान खींच रहा है। इस पॉडकास्ट में अभिनेत्री ने अपने बेटे से ऐसा सवाल किया, जिसे सुन लोग भड़क गए हैं और अब मलाइका को जमकर ट्रोल कर रहे हैं। पॉडकास्ट पर अपनी उपस्थिति के दौरान मलाइका और अरहान एक गेम में शामिल हुए, जहां दोनों ने एक-दूसरे से कई सवाल पूछे और अगर वे जवाब देने में असफल रहे, तो उन्हें 'मिर्ची का सालन' का शॉट लेना पड़ा या हरी मिर्च काटनी पड़ी। इस दौरान मलाइका ने अपने 22 वर्षीय बेटे से उनके शरीर की गिनती के बारे में पूछा, जिसका मतलब है कि वह अब तक कितनी महिलाओं के साथ संबंध बना चुके हैं। मलाइका ने आगे कहा, र्मुझे ईमानदारी से जवाब दो... बस मुझे जवाब दो... मुझे एक नंबर चाहिए। हालांकि, आश्चर्य दिख रहे अरहान ने सवाल का जवाब नहीं देने का फैसला किया और इसके बजाय 'मिर्ची का सालन' शॉट खा लिया। अब अभिनेत्री के इस सवाल पर सोशल मीडिया पर हड़कंप मच गया है। एक यूजर ने लिखा, 'आखिर संस्कार कहां गए हैं। यह अपने बेटे से ऐसे सवाल कैसे पूछ सकती हैं।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'यह कैसा पॉडकास्ट है। मां-बेटे के रिश्ते की गरिमा कहां गई।' एक और यूजर ने लिखा, 'यह सब देख कर दिमाग ही खराब हो गया है।' इसी सेगमेंट के दौरान अरहान को मलाइका से उनकी शादी की योजना के बारे में पूछते हुए भी देखा गया। उन्होंने पूछा, मुझे एक सही तारीख, एक स्थान, एक डेस्टिनेशन और कब के लिए चाहिए। मुझे इन सारे सवालों के जवाब चाहिए और जैसा कि अभिनेत्री ने सवाल का जवाब नहीं दिया और हरी मिर्च खाने का फैसला किया, उन्होंने कहा कि वह इस समय अपना सबसे अच्छा जीवन जी रही हैं।

# दीपिका पादुकोण का जोरदार एक्शन



**रोहित** शेट्टी की कॉप यूनिवर्स की फिल्म सिंघम अगेन की शूटिंग शुरू हो गई है। अजय देवगन की इस पिक्चर में दीपिका पादुकोण का भी स्पेशल कैमियो होने वाला है। दीपिका ने फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। प्रेग्नेंट दीपिका की फिल्म के सेट से तस्वीरें लीक हो गई हैं। जिसके चलते सोशल मीडिया पर सनसनी मच गई है। बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने जबसे अपनी प्रेग्नेंसी अनाउंस की है, तभी से फैन्स उनकी फिल्मों को लेकर अपडेट्स का इंतजार कर रहे थे। इसी बीच दीपिका के चाहने वालों के लिए एक बड़ा अपडेट आया है। रोहित शेट्टी के डायरेक्शन में बन रही सिंघम अगेन के लिए दीपिका पादुकोण ने शूटिंग शुरू कर दी है। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस की फिल्म के सेट से तस्वीरें वायरल हो रही हैं। जिनमें दीपिका का स्वैग साफ देखा जा सकता है। फिल्म सिंघम अगेन में दीपिका पादुकोण का स्पेशल कैमियो होने वाला है। पुलिस की वर्दी पहने दीपिका शक्ति शेट्टी के रोल में नजर आने वाली हैं। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों में देखा जा सकता है कि दीपिका पुलिस की वर्दी पहने शूटिंग करती दिख रही हैं। सेट का महौल देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म का कोई एक्शन सीन शूट किया जा रहा है। इस तस्वीरों ने इंटरनेट पर हंगामा मचा दिया है। तस्वीरों में दीपिका काफी जोश में नजर आ रही हैं। रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स में दीपिका का ये डेब्यू है। इससे पहले दीपिका पादुकोण का फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर किया गया था। जिसने सनसनी मचा दी थी। पुलिस की वर्दी में दीपिका का खतरनाक अवतार देख फैन्स काफी हैरान रह गए थे। बता दें, दीपिका पादुकोण प्रेग्नेंट हैं, तो उनके फैन्स और यूजर्स उन्हें अपना ध्यान रखने की सलाह देते हुए नजर आ रहे हैं। प्रेग्नेंसी में दीपिका एक्शन सीन शूट कर रही हैं, जिसे देखकर उनके चाहने वाले थोड़ी चिंता में आ गए हैं। फिल्म में अजय देवगन और अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, अर्जुन कपूर और करीना कपूर के साथ रणवीर सिंह का भी अहम किरदार होने वाला है।

# पंजाब पर भारी पड़ी मुंबई, सात रनों से हराया





**चंडीगढ़।** आईपीएल 2024 के 33वें मैच में मुंबई इंडियंस ने पंजाब किंग्स को नौ रनों से हराकर अंक तालिका में सातवां स्थान प्राप्त कर लिया। अब टीम के खाते में छह अंक हो गए हैं जबकि पंजाब की टीम चार अंकों के साथ नौवें स्थान पर बनी है। इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 192 रन बनाए। इसके जवाब में पंजाब की टीम 183 रन बना सकी और 19.1 ओवर में ऑलआउट हो गई। मुंबई के लिए गेराल्ड कोएत्जी और जसप्रीत बुमराह ने घातक गेंदबाजी की। दोनों ने तीन-तीन विकेट हासिल किए। बुमराह को उनकी घातक गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मुंबई के खिलाफ आशुतोष शर्मा ने आक्रामक प्रदर्शन किया। उन्होंने मात्र 28 गेंदों में 61 रनों की तूफानी पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 217.85 के स्ट्राइक रेट से दो चौके और सात छक्के लगाए। यह उनके करियर का पहला अर्धशतक है। हालांकि, वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए। इस मैच में जितेश शर्मा ने नौ, हरप्रीत बराड़ ने 21, कगिसो रबाडा ने आठ और हर्षल पटेल ने एक (नाबाद) रन बनाए। मुंबई के लिए आकाश मधवाल, हार्दिक पांड्या और श्रेयस गोपाल को एक-एक विकेट मिला। पंजाब के खिलाफ तिलक वर्मा ने भी आक्रामक पारी खेली। उन्होंने 188.88 के स्ट्राइक रेट से 34 रन बनाए। इस नाबाद पारी के दौरान उनके बल्ले से दो चौके और दो छक्के निकले। आखिरी ओवर में हर्षल पटेल ने कहर बरपाया। उन्होंने तीन विकेट चटकाए। पंजाब के लिए इस मैच में उन्होंने सबसे ज्यादा विकेट लिए। सैम करन ने दो विकेट चटकाए जबकि कगिसो रबाडा को एक सफलता मिली।

## पंजाब का शीर्ष क्रम फेल हुआ

193 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स की शुरूआत झटकों के साथ हुई। टीम ने 14 गेंदों के स्कोर पर चार विकेट खो दिए थे। पांचवां झटका हरप्रीत सिंह के रूप में लगा जो सिर्फ 13 रन बना सके। इस मैच में सैम करन ने छह, प्रभसिमरन सिंह ने शून्य, रिली रूसो ने एक, और लियाम लिविंगस्टोन ने एक रन बनाया। इस मैच में हरप्रीत सिंह और शशांक सिंह के बीच 35 रन की साझेदारी हुई। शशांक दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से 41 रन बनाने में कामयाब हुए।

## सूर्या का रहा दबदबा

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 192 रन बनाए। इस मैच में सूर्यकुमार यादव ने दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने अपने आईपीएल करियर का 23वां अर्धशतक लगाया। 360 डिग्री बल्लेबाज ने सात चौकों और तीन छक्कों की मदद से 78 रन बनाए। मुंबई को पहला झटका ईशान किशन के रूप में लगा जो सिर्फ आठ रन बना सके। उन्हें रबाडा ने अपना शिकार बनाया। इसके बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए सूर्या ने रोहित के साथ दूसरे विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी निभाई। रोहित शर्मा ने 25 गेंदों में 36 रन बनाए। अपने 250वें आईपीएल मैच में उन्होंने दो चौके और तीन छक्के लगाए। इसके बाद सूर्या ने तिलक वर्मा के साथ तीसरे विकेट के लिए 49 रनों की साझेदारी निभाई। उन्हें सैम करन ने 148 रन के स्कोर पर पवेलियन भेजा। इसके बाद पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए हार्दिक पांड्या कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए। वह सिर्फ 10 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इस मैच में टिम डेविड ने 14 रन, रोमारियो शेफर्ड ने एक रन और मोहम्मद नबी बिना खाता खोले पवेलियन लौटे।



## छह साल की उम्र में तक्षवी वघानी ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद की तक्षवी वघानी ने छह वर्ष की उम्र में ऐसा कारनामा कर डाला है जिससे उनकी चर्चा भारत ही नहीं पूरे विश्व में हो रही है। उन्होंने छोटी सी आयु में कुछ ऐसा किया जिससे उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया। तक्षवी ने लोएस्ट लिम्बो स्केटिंग में 25 मीटर से अधिक का विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। इसी के साथ उन्होंने न सिर्फ अपना नाम रोशन किया बल्कि पूरे देश को गौरवान्वित किया। तक्षवी ने लोएस्ट लिम्बो स्केटिंग में कमाल करते हुए अपना नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज कराया है। इसकी पुष्टि करते हुए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ने एक वीडियो साझा किया है जिसमें छह साल की तक्षवी को स्केटिंग करते देखा जा रहा है। वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा गया, '25 मीटर से अधिक की लोएस्ट लिम्बो स्केटिंग।' पिछले साल 10 मार्च को यह रिकॉर्ड ब्रेकिंग उपलब्धि हासिल की गई थी। अहमदाबाद की तक्षवी से पहले यह रिकॉर्ड पुणे की मनस्वी विशाल के नाम दर्ज था। उन्होंने साढ़े तीन साल की उम्र में 25 मीटर से ज्यादा की लोएस्ट लिंबो स्केटिंग से सभी को प्रभावित कर दिया था। उन्होंने धरती से केवल 16.5 सेंटीमीटर की ऊंचाई बनाए रखते हुए 25 मीटर की दूरी तक ग्लाइड किया था। लिम्बो स्केटिंग की दुनिया में तक्षवी और मनस्वी के अलावा 18 वर्षीय सृष्टि धर्मेंद्र शर्मा भी कमाल दिखा चुकी हैं। उन्होंने जुलाई 2023 में 50 मीटर से अधिक की स्केटिंग में कमसमय लेते हुए नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया था। उन्होंने इस दूरी को 6.94 सेकंड में पूरा किया था।

# ओलंपिक क्वालीफायर के लिए जा रहे भारतीय पहलवानों का बुरा हाल

**नई दिल्ली।** दीपक पुनिया और सुजीत कलकल का पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई मुश्किल हो सकता है। दरअसल, किर्गिस्तान जाने वाले दोनों भारतीय पहलवान खाड़ी देश में अभूतपूर्व बारिश के कारण दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फंसे हुए हैं। दीपक (86 किग्रा), जो टोक्यो खेलों में पदक जीतने के करीब पहुंच गए थे, और सुजीत (65 किग्रा), एशिया ओलंपिक क्वालीफायर में भाग लेने के लिए बिश्केक जा रहे थे, फिलहाल बारिश की वजह से हवाई अड्डे पर ही फंसे हुए हैं। हालांकि, देश में अब तक हुई सबसे भारी बारिश के कारण प्रमुख राजमार्गों और सड़कों पर पानी भर जाने और दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से एक के अस्त-व्यस्त हो जाने के कारण दोनों दुबई हवाई अड्डे पर फंसे रह गए। रूसी कोच कमल मलिकोव और फिजियो शुभम गुप्ता के साथ इन दोनों को फर्श पर सोने के लिए मजबूर होना पड़ा है और बारिश से उत्पन्न संकट के कारण उन्हें उचित भोजन भी नहीं मिल पा रहा है। दीपक और सुजीत का वजन शुक्रवार को सुबह 8 बजे होगा, जबकि मुकाबले दिन में बाद में खेले जाएंगे। सुजीत के पिता दयानंद कलकल ने कहा, वे 16 अप्रैल से दुबई हवाई अड्डे पर फंसे हुए हैं और ऐसा लगता है कि पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का मौका उनके हाथ से फिसल रहा है क्योंकि उन्हें कल प्रतिस्पर्धा करनी है।



## 19 अप्रैल 2024 का राशिफल

**मेष राशि:–** आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य के लिहाज से उतार-चढ़ाव लेकर आने वाला है। व्यवसाय में आपको किसी बड़ी धनराशि को उधार देने से बचना होगा। आपका मन किसी काम की योजनाओं को बनाने के लिए रहेगा। आपकी तरक्की के मार्ग में आ रही बाधाएं दूर होंगी।

**वृष राशि:–** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप अपनी अच्छी सोच को बनाए रखें जो कार्यक्षेत्र में आपके खूब काम आएगी। आपको किसी चोट चपेट आदि के लगने की संभावना है, इसलिए यदि आप किसी यात्रा पर जा रहे हैं, तो आप उसे स्थगित कर दें।

**मिथुन राशि:–** आज का दिन आपके लिए किसी वाद विवाद से दूर रहने के लिए रहेगा, क्योंकि आपका मूड किसी बात को लेकर थोड़ा परेशान रहेगा, जिस कारण आपकी जीवनसाथी से भी कहासुनी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको किसी बात के लिए झूठा साबित किया जा सकता है, जिसमें आप अपनी बात अपने अधिकारियों के सामने अवश्य रखें।

**कर्क राशि:–** आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। व्यवसाय में आपको कोई बड़ा लाभ मिलने वाला है। किसी विशेष व्यक्ति से आज आपकी मुलाकात होगी।

**सिंह राशि:–** आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार में मधुरता बनाए रखने के लिए रहेगा, तभी आप लोगों से अपने काम आसानी से निकलवा पाएंगे। आपको परिवार में किसी सदस्य की कही बात बुरी लग सकती है, लेकिन आप अपने आर्थिक मामलों में आज किसी पर भरोसा ना करें। आपको अपनी संतान की संगति की ओर विशेष ध्यान देना होगा।

**कन्या राशि:–** आज का दिन आपके लिए व्यवसाय के मामले में कुछ उलझनें लेकर आएगा। परिवार के सदस्यों के साथ आप कहीं घूमने फिरने जा सकते हैं और परिवार में किसी नए सदस्य का आगमन हो सकता है।

**तुला राशि:–** आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आप अपनी वाणी और व्यवहार से लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेंगे, जो जातक सामाजिक क्षेत्रों से जुड़े हैं, उन्हें अपने कामों को बढ़ावा देना होगा।

**वृश्चिक राशि:–** आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको कोई बड़ा ऑर्डर मिल सकता है और आप अपने घर को बनवाने की शुरूआत कर सकते हैं।

**धनु राशि:–** धनु राशि के जातकों के लिए आज का दिन किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहेगा। यदि आप किसी बड़े निवेश को करने की तैयारी कर रहे हैं, तो उसमें आपको कोई नुकसान उठाना पड़ सकता है। परिवार में किसी बात को लेकर यदि मतभेद चल रहे थे, तो वह भी दूर होंगे।

**मकर राशि:–** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको किसी विशेष व्यक्ति से मिलने का मौका मिलेगा और यदि आप किसी ससुराल पक्ष के व्यक्ति को धन उधार देंगे, तो उससे आपके आपसी रिश्तों में दरार पैदा हो सकती है।

**कुंभ राशि:–** कुंभ राशि के जातकों के लिए दिन अधिक लंबे समय से रुके हुए कामों का पूरा करने के लिए रहेगा। परिवार में बच्चों के साथ आप कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे।

**मीन राशि:–** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपके परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है और आप अपने किसी मन की इच्छा की पूर्ति को लेकर किसी तीर्थ यात्रा पर जा सकते हैं। कार्यक्षेत्र में कोई बड़ा ऑर्डर मिलने से आप प्रसन्न रहेंगे।

# भाजपा ने इलेक्ट्रोरल बांड से किया भ्रष्टाचार: सुमन



❍ केन्द्र में गठबंधन सरकार बनी तो किसानों के कर्जे होंगे माफ

एनएनआई

**आगरा।** भाजपा ने किसानों, नौजवानों को धोखा दिया है। किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। फसलों का सही मूल्य किसानों को नहीं मिल रहा है। दस साल की भाजपा सरकार में देश में गरीबी और महंगाई से त्रस्त एक लाख से ज्यादा किसानों ने आत्महत्या कर ली। उक्त बात समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन ने आगरा सुरक्षित सीट पर सपा गठबंधन प्रत्याशी सुरेश कर्दम और फतेहपुरसीकरी से गठबंधन प्रत्याशी रामनाथ सिकरवार के केन्द्रीय चुनाव कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहाकि भाजपा ने तीन काले कानून बनाकर किसानों की फसल और जमीन लूटने की साजिश की। किसानों की एकजुटता के कारण सरकार पीछे हटने को मजबूर हुई। काले कानूनों के खिलाफ आंदोलन में हजारों किसान शहीद हुए। सरकार ने वादा करने के बाद भी किसानों की फसलों को एमएसपी का कानूनी अधिकार नहीं दिया। किसानों को न्याय नहीं मिला। सपा इंडिया गठबंधन की सरकार में किसानों की फसलों को एमएसपी का कानूनी अधिकार दिया जायेगा। किसानों का कर्ज माफ होगा। श्री सुमन ने कहाकि भाजपा ने इलेक्ट्रोरल बांड के नाम पर लूट मचाई है। आज जनता लुट रही है। केन्द्र सरकार ने चंदा वसूली के लिए भारी भ्रष्टाचार किया। ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स का दुरुपयोग किया। देश के इतिहास में पहली बार ऐसी स्थिति हुई है। सपा जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण वर्मा ने कहाकि भाजपा सरकार नौजवानों को नौकरी नहीं देना चाहती है। भाजपा ने जानबूझकर पेपर लीक कराये। उसने प्रतियोगी छात्रों का भविष्य बर्बाद कर दिया है। सपा सरकार में छात्रों को लैपटॉप दिये गये। कहाकि जनता में भाजपा को लेकर भारी आक्रोश है। भाजपा के पोस्टरों से प्रत्याशियों की तस्वीर गायब हो गयी है। श्रीकृष्ण वर्मा ने कहाकि भाजपा दुनिया की सबसे झूठी पार्टी है। ये झूठे वादे करते हैं। 2014 में ये जुमला लेकर आये थे। अब गारन्टी की घंटी लेकर आये हैं। जनता भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा कर इनका अहंकार तोड़ेगी। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष अरुण शर्मा, अमित सिंह दिवाकर, सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी वाजिद निसार, रामसहाय यादव, राकेश बघेल, राजपाल यादव, रामगोपाल बघेल, मदन गर्ग, पवन प्रजापति, संदीप यादव, आजाद सिंह जाटव, ज्ञानेंद्र गौतम, सुरेंद्र चौधरी, पवन यादव, विनय अग्रवाल, राहुल चौधरी, पप्पू यादव, आदिल मिर्जा, सुधीर दुबे, प्रवीन राजपूत, देवेंद्र सिंह यादव, प्रियंका सिंह चौहान, धर्मेंद्र यादव, आलोक यादव, देवेंद्र राजपूत, मोनू अहीर सहित कांग्रेस और आम आदमी के पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विचारों का माध्यम हैं कलाएं

❍ संस्कारों का संरक्षण कर रही संस्कार भारतीः स्वांत रंजन



एनएनआई

**आगरा।** व्यक्तियों का समूह जब सकारात्मक और सृजनात्मक कार्यों के लिए इक्कठे होकर साथ चलते हैं तो वह संगठन कहलाता है। उक्त विचार संस्कार भारती के कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए आरएसएस प्रचारक प्रमुख स्वांत रंजन ने व्यक्त किए। संस्कार भारती कलाओं के माध्यम से समाज में संस्कारों के संरक्षण और संवर्द्धन करने के लिए राष्ट्रव्यापी संगठन है। उन्होंने कहाकि समाज में विचारों और संस्कारों का सबसे प्रवाहपूर्ण और प्रभावी माध्यम कलाएं हैं। इसलिए संस्कार भारती कलाओं के जरिए समाज में सद्विचारों और संस्कारों के प्रतिस्थापन के लिए कार्य कर रही है। समाजिक समारसता का प्रभावी, हृदयस्पर्शी प्रस्तुति के लिए बेंगलुरु में श्रीश्री रविशंकर के आश्रम से संस्कार भारती ने एक बड़ी मुहिम छेड़ी है। इस मौके पर कवि बांकेलाल गौड़, संजय अग्रवाल, साहित्यकार राज बहादुर सिंह राज, आशीष अग्रवाल, डॉ. मनोज पचौरी, आर्किटेक्ट राजीव द्विवेदी, राम अवतार यादव, यतेन्द्र सोलंकी, आलोक आर्य, इंजीनियर प्रखर अवस्थी, प्रदीप सिंघल, डॉ. श्रीमती अंशु अग्रवाल, राजीव सिंघल, नन्द किशोर आदि मौजूद रहे। संचालन आशीष अग्रवाल और ओम स्वरूप गर्ग ने किया। संयोजन नन्द नन्दन गर्ग ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अंशु अग्रवाल ने किया।

# स्टेशन पर छूटा बैग यात्री के सुपुर्द किया

एनएनआई



**आगरा।** उत्तरप्रदेश संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में सादिक एजाज नाम के यात्री का बैग आगरा छावनी स्टेशन पर छूट गया था। यात्री आगरा छावनी से निजामुद्दीन स्टेशन तक सफर कर रहा था। यात्री ने रेलवे हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर मदद मांगी। इस उप स्टेशन प्रबंधक वाणिज्य आगरा छावनी स्टेशन में कार्यरत ऑन ड्यूटी स्टाफ जीके गुंजन द्वारा उस बैग को खोज कर अपने कब्जे में लेकर यात्री को सूचित किया कि बैग सुरक्षित मिल गया है। उप स्टेशन प्रबंधक वाणिज्य कार्यालय में सुनील यादव द्वारा यात्री को बैग सत्यापन के बाद सुपुर्द कर दिया गया। बैग पाकर यात्री ने खुशी जाहिर की और रेलवे का आभार जताया।

